डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
06 नवम्बर 2023
सोमवार

**आज का मौसम**
31 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो









### दूसरी बार प्रियंका गांधी पहुंची धार, शाम को मिशन इंदौर, सीएम विंध्य में

# निमाड़-मालवा साधने की जुगत में कांग्रेस, विंध्य पर भाजपा फ़िक्रमंद



**भोपाल/इंदौर, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव में निमाड़ मालवा को साधने आज कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी धार व इंदौर के रोबोट चौराहे पर सभा कर रही हैं, कमलनाथ उनके साथ हैं। कुछ दिन पहले भी वे धार में आ चुकी हैं। वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज फिर विंध्य में सक्रिय हैं। वे रीवा, सिंगरौली जिले की सीटों पर भाजपा के लिये ताकत झोंक रहे हैं। सूत्रों की मानें तो भाजपा विंध्य को लेकर काफी चिंतित भी है। इधर आज नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह के भाई शैलेंद्रसिंह ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर, रघुनंदन शर्मा आदि मौजूद थे।




वहीं आज कांग्रेस इंदौर सभा को कुछ मायने में इसलिये भी सुविचारित माना जा रहा है क्योंकि जिस क्षेत्र में सभा हो रही है, उस इंदौर-5 में पिछली बार कांग्रेस मात्र 1132 वोट से हार गई थी। शहर की सबसे बड़ी इस विधानसभा सीट को जीतने की कांग्रेस भरसक कोशिश में हैं। दिग्विजय सिंह आज झाबुआ जिले की थांदला, पेटलावद आदि सीटों पर प्रचार कर रहे हैं।

**वीडियो से सनसनी, कांग्रेस उठाई अंगुली, तोमर ने दर्ज कराई शिकायतः** केंद्रीय मंत्री व दिमनी से भाजपा उम्मीदवार नरेंद्र सिंह तोमर के बेटे देवेंद्र तोमर की चुनावी धन को लेकर कथित बातचीत वाली वीडियो क्लिप आने के बाद राजनीतिक घमासान छिड़ गया है। कांग्रेस ने आयकर विभाग, सीबीआई और ईडी से जांच की मांग की है, तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त को शिकायती पत्र भेज कर इस मामले में जरूरी एक्शन लेने व भ्रष्टाचार मुक्त चुनाव कराने की मांग की है। कांग्रेस के मीडिया प्रमुख केके मिश्रा ने ट्वीट किया है कि ' पीएम साहब, आपके यहां तो केंद्रीय मंत्री के पुत्र के सार्वजनिक हुए वीडियो से यह साबित हो गया है कि आपके ही संरक्षण में यहां तो एक राष्ट्रीयकृत बैंक ही चल रहा है। दूसरी तरफ इस वीडियो को कूटरचित बताते हुए देवेंद्र पप्पू सिंह तोमर ने ग्वालियर के हजीरा थाने में शिकायती आवेदन दिया है और कहा है कि तथाकथित रूप से मेरे द्वारा करोड़ों के लेनदेन की बात कर दुष्प्रचारित किया जा रहा है। इस कूट रचित वीडियो में एडिटिंग कर मेरे विरुद्ध साजिश रची जा रही है तथा नकारात्मक माहौल बनाया जा रहा है। इस षडयंत्र की जांच की जाए।

## शिवराज का तंज, आप जब आती हैं झूठ की दुकान खोल देती हैं

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी के आज धार इंदौर दौरे व सभा पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने तंज कसा है। शिवराज ने कहा प्रियंका जब भी मध्यप्रदेश आती हैं, तो झूठ की दुकान खोल देती हैं, पिछली बार उन्होंने आपने झूठ बोला कि मध्यप्रदेश में 3 साल में केवल 21 लोगों को रोजगार मिले, जबकि प्रदेश में 50 हजार नियुक्ति पत्र मैंने बांटे। शिवराज ने कहा- आपकी पार्टी के नेता कहते हैं भाजपा ने किसानों के लिए कुछ नहीं किया, हम तो किसान सम्मान निधि दे रहे हैं, हम जीरो परसेंट पर कर्जा दे रहे है आपने तो कर्जा माफ करने का वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा इंडी गठबंधन बना, सपा, आप सब इसमें हैं, लेकिन दिल्ली में दोस्ती राज्यों में कुश्ती चल रही है, आपस में ही लड़ रहे हैं। सिर्फ लड़ाई ही नहीं रहे, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कल यह तक कह दिया कि कांग्रेस चालू पार्टी है । गठबंधन के लोग कांग्रेस ही कोस रहे हैं, वो कह रहे हैं कांग्रेस भरोसा करने लायक पार्टी नहीं है, अखिलेश ने कहा 80 साल का आदमी किसी को क्या पहचानेगा, अब कमलनाथ की उम्र पर ही संदेह है।

## चाचौड़ा में मारपीट मामले में आप उम्मीदवार व पूर्व आईपीएस पर एफआईआर

**गुना।** चाचौड़ा विधानसभा सीट पर आम आदमी पार्टी से चुनाव लड़ रही पूर्व विधायक ममता मीना, उनके पति व पूर्व आईपीएस अफसर , पुत्र व देवर और भाई सहित 12 लोगों के खिलाफ राजगढ़ जिले के सुठालिया थाने में एफआइआर दर्ज की गई है। बताया जाता है कि फरियादी पहलवान सिंह ने शिकायत की थी कि वह और भीमा सोलंकी, लखन मीना और सुरेंद्र मीना चार पहिया गाड़ी से चाचौड़ा विधानसभा की भाजपा प्रत्याशी प्रियंका मीना का उकावद-मधुसूदनगढ़ से प्रचार-प्रसार कर वापस लौट रहे थे। इस दौरान पारसना के आगे उनकी कार को एक चार पहिया वाहन ने ओवरटेक किया और ग्राम लालपुरिया गांव के मोड़ पर रोक लिया। कुछ समय बाद ममता मीना और रघुवीर सिंह मीना कुछ लोगों के साथ आ गए और प्रियंका के प्रचार पर आपत्ति करते हुए मारपीट की।

## संदीप दीक्षित ने दिखाया कांग्रेस को आईना



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित के बेटे और कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने अपनी ही पार्टी को आईना दिखाया है। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के एक बयान को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। दरअसल केजरीवाल ने छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार के दौरान कहा कि दिल्ली में पहले दो पार्टियों की सरकार बनती थी, दोनों के बीच सेटिंग थी, दोनों मिलकर लूटती थीं। इसी बयान पर दीक्षित ने कहा, 'अब मेरी कांग्रेस पार्टी को अहसास होगा कि इसकी वफादारी का, आत्म सम्मान से बढ़कर कुछ नहीं होता।' दीक्षित ने ट्विटर पर लिखा है कि अपने सम्मान को छोड़ हम इस के साथ खड़े हो रहे हैं।

## छग में मतदान के 24 घंटे पहले नक्सलियों ने फैक्ट्री में लगाई आग, पर्चे फेंके



**रायपुर, दोपहर मेट्रो।**

छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के मतदान के एक दिन पहले नक्सलियों ने आज बीजापुर जिले में एक बड़ी घटना को अंजाम दिया। खबरों के अनुसार नक्सलियों ने बीजापुर के पास गारमेंट फैक्ट्री में आग लगा दी है। नक्सलियों ने मौके पर चुनाव बहिष्कार को लेकर पर्चे भी फेंके। जिस फैक्ट्री में आग लगाई वो कलेक्टर निवास एवं सीआरपीएफ के डीआईजी कार्यालय से महज एक किलोमीटर से दूरी पर है। सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुकमा, बीजापुर व नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में नक्सल प्रभावित अंदरूनी क्षेत्रों में मतदान कराने के लिए मतदान दलों की हेलीकाप्टर से रवानगी जारी रही।

### छग में पहले चरण का मतदान कल

**छत्तीसगढ** में पहले चरण के मतदान के लिये कल से चुनाव प्रचार थम गया है। पहले चरण के 20 सीटों पर दो अलग-अलग समय पर कल मतदान होगा। नक्सल प्रभावित व संवेदनशील मतदान केंद्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा।पहले चरण के 20 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 223 उम्मीदवार चुनावी मैदान पर हैं। जिनमें 198 पुरूष तथा 25 महिला हैं। पहले चरण के लिए 40 लाख 78 हजार 681 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। पहले चरण के चुनाव के लिए कुल 5,304 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

**यहां होगा मतदानः** मोहला-मानपुर, अंतागढ़, भानुप्रतापपुर, कांकेर, केशकाल, कोंडागांव, नारायणपुर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा। पंडरिया, कवर्धा, खैरागढ़, डोंगरगढ़, राजनांदगांव, डोंगरगांव, खुज्जी, बस्तर, जगदलपुर और चित्रकोट।

## मुश्किल में एल्विश, रेव पार्टी की बात पर मुहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**



बिग बॉस ओटीटी विनर और फेमस यूट्यूबर एल्विश यादव मुश्किलों में फंसते जा रहे हैं। उन पर रेव पार्टी में सांप का जहर इस्तेमाल करने को लेकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। अब दो ऐसे ऑडियो क्लिप सामने आए हैं, जहां रेव पार्टी एजेंट राहुल यादव किसी से फोन पर बात कर रहा है। वो ऑडियो में जिस शख्स से बात कर रहा है, उस बातचीच में सांप के जहर, रेव पार्टी और एल्विश यादव का जिक्र बार बार किया जा रहा है।

दरअसल मेनका गांधी की एनजीओ पीपल्स फॉर एनिमल्स ने सांपों की तस्करी करने वालों पर जाल बिछाया था। जिसमें एल्विश भी फंसे हैं। कई दिनों से राहुल यादव नाम के एक शख्स से पीएफए की टीम बातचीत कर रही थी। इसी बातचीत में पीएफए की टीम को सांप और सांप के जहर की तस्करी का सबूत मिला था. इस स्टिंग ऑपरेशन के दौरान राहुल ने कई बार एल्विश यादव की पार्टियों में जहर का इस्तेमाल होने का जिक्र किया।

## फिलिस्तीन समर्थकों का अमेरिकी एयरबेस पर हमला

**तेलअवीव, एजेंसी।**



करीब महीने भर से जारी इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अमेरिका इस्राइल के साथ डटकर खड़ा है। इसकी वजह से उसके विरोध तेजी आ रही है। इस बीच, गाजा पर वार्ता के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के अंकारा पहुंचने से कुछ घंटे पहले फलस्तीन समर्थक लोगों ने अमेरिकी एयरबेस पर हमले की कोशिश की। हालांकि, तुर्किए पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए आंसू गैस और पानी की बौछार का इस्तेमाल कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया।

इस युद्ध में करीब 11 हजार लोगों की मौत हो चुकी है। गाजा में मरने वालों का आंकड़ा बहुत ज्यादा है। ऐसे में, यहां मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है। गाजा में मानवीय संकट बदतर होने के कारण तुर्किए लगातार इस्राइल की तीखी आलोचना कर रहा है और दूसरी तरफ वह हमास के सदस्यों की मेजबानी करते हुए टू-स्टेट सॉल्यूशन का समर्थन कर रहा है।

## कैदियों को जेल में पार्टनर के साथ मिल सकते हैं कुछ पल

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

विदेशों की तर्ज पर अब दिल्ली की जेलों में बंद कैदियों को अपने जीवनसाथी के साथ प्यार के पल गुजारने का मौका मिल सकता है। हालांकि पंजाब ने इस तरह की पहल का दावा पहले किया था। अब दिल्ली सरकार सुरक्षा, क्षमता और कैदियों के अधिकारों सहित विभिन्न दृष्टिकोणों से कैदियों के वैवाहिक मुलाकात के अधिकार की जांच कर रही है। बताया जाता है कि जेल महानिदेशक ने इस संबंध में राज्य के गृह विभाग को एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया था। इसे लेकर वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों ने कहा कि प्रशासन के सामने जेलों का क्षमता से अधिक भरा होना और सुरक्षा संबंधी दो मुख्य चुनौतियां रही हैं। इस




बीच हाल ही में दिल्ली हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की गई, इसमें कहा गया था कि जेल अधिकारियों की जांच से दूर वैवाहिक मुलाकात एक 'मौलिक अधिकार' है। इसके तहत वैवाहिक मुलाकातें निर्धारित मुलाकातें हैं जिनमें एक कैदी अपने कानूनी जीवनसाथी के साथ गोपनीयता में समय बिता सकता है।

### दिल्ली में शुरू हुआ विचार

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक दिल्ली सरकार सभी एंगल से इस पहलु का परीक्षण कर रही है।वहीं रिसर्च से पता चला है कि वैवाहिक मुलाकातें, जेल दंगों, यौन अपराधों और समलैंगिक व्यवहार की फ्रीक्वेंसी को कम कर सकती हैं। इसके साथ ही कैदियों को सुधार और अच्छे व्यवहार की ओर बढ़ने में मदद करती हैं। इस मुद्दे पर चर्चा हाल ही में एक जनहित याचिका दायर होने के बाद उभरी है। इसमें हाई कोर्ट से राज्य के उस जेल नियम को रद्द करने की मांग की गई है जिसमें कैदी अपने जीवनसाथी से मिलने पर जेल अधिकारी की उपस्थिति को अनिवार्य करता है। अदालत ने दिल्ली सरकार को छह सप्ताह का समय दिया है। इस मामले में अगली सुनवाई 15 जनवरी को होगी।

## राहुल ने केदारनाथ में भक्तों को परोसी चाय



**देहरादून, एजेंसी।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अचानक केदारनाथ बाबा के दर्शन के बाद अभी वहीं हैं। वे रात को आरती समारोह में भी शामिल हुए तथा देर रात दर्शनार्थियो को उन्होंने चाय परोसी। कांग्रेस पार्टी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर यात्रा की तस्वीरें भी साझा कीं। इससे पहले दिन में पार्टी ने मंदिर जाते समय राहुल गांधी का एक वीडियो जारी किया था। पार्टी ने एक्स (ट्विटर) पर एक पोस्ट लिखा कि आज राहुल गांधी ने उत्तराखंड में बाबा केदारनाथ धाम में बाबा केदार के दर्शन किए और देश की खुशी और शांति के लिए प्रार्थना की।

## राजधानी में सजी पटाखों की दुकान




भोपाल। दीपावली के नजदीक आते ही राजधानी के लालघाटी पटाखा मार्केट में पटाखे की खरीदारी शुरू हुई।





लाल परेड मैदान में चुनाव सामग्री वितरण के लिए पांडाल तैयार हुआ।

### सत्र 2022-23 की यूनिफार्म भी कई स्कूलों में नहीं पहुंची

# 66 लाख विद्यार्थियों को नहीं मिली इस साल यूनिफार्म

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

**आधा सत्र बीतने के बाद भी प्रदेश सरकारी स्कूलों में इस साल करीब 66 लाख विद्यार्थियों को यूनिफार्म नहीं मिल सकी है। वहीं सत्र 2022-23 की यूनिफार्म भी कई स्कूलों में नहीं पहुंची है। जबकि हर साल करीब यूनिफार्म पर 390 करोड़ रूपए खर्च किए जाते हैं। नतीजन सरकारी स्कूलों में विद्यार्थी रंग-बिरंगे कपड़ों में ही स्कूल जाने के लिए मजबूर है।**

बच्चों को यूनिफार्म देने की जिम्मेदारी राज्य शिक्षा केंद्र (आरएसके) की है। सरकारी स्कूलों में कक्षा एक से 8वीं तक प?ने वाले विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष सरकार द्वारा दो जोड़ी यूनिफार्म देने का प्रावधान है। इन स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 66 लाख के करीब है। हर बच्चे को दो जोड़ी यूनिफार्म के हिसाब से प्रति छात्र 600 रुपए खर्च किए जाते हैं। ऐसे में इन बच्चों की यूनिफार्म पर हर साल लगभग 390 करोड़ रुपए खर्च किए जाते हैं।



390 करोड़ के करीब हर साल यूनिफार्म पर खर्च किए जाते हैं

### 2020 से नहीं सुधर पाई व्यवस्था

राज्य शिक्षा केंद्र ने 2020 में यूनिफार्म सिलाई का काम ग्रामीण एवं पंचायत विभाग के माध्यम से स्वयं सेवी संस्थानों को दिया गया था। नतीजा यह रहा कि सत्र बीतने के बाद मार्च 2021 में स्कूलों में यूनिफार्म पहुंच सकीं थीं। कोरोना के कारण स्कूल बंद होने के कारण शिक्षकों को घर-घर जाकर यूनिफार्म पहुंचाना पड़ी। बच्चों का सही नाप न होने के कारण साइज भी छोटा पड़ गया था, वहीं सिलाई थी ठीक नहीं थी। इसके बाद 2021 में कोरोना के कारण स्कूल बंद थे, 2022 की गणवेश 2023 में पहुंच रही हैं।



### निःशुल्क दो जोड़ी ड्रेस दी जाती है

दरअसल, प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पहली से 8वीं तक के विद्यार्थियों को निःशुल्क दो जोड़ी यूनिफार्म दी जाती है। पिछले सालों में गणवेश की राशि विद्यार्थियों के खातों में डाली जाती थी। इससे विद्यार्थियों के अभिभावक राशि लेकर अपनी मर्जी से कहीं से भी यूनिफार्म सिलवा सकते थे।

### सरकारी स्कूल में छात्रा को पीटने का मामला

## डीईओ ने सौंपी जांच रिपोर्ट, जेडी ने किया शिक्षक को निलंबित

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

राजधानी के एक सरकारी स्कूल में शिक्षक द्वारा कक्षा 6वीं की छात्रा से मारपीट करने के मामले संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद कुमार चौरगढे ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है। यह कार्यवाही जिला शिक्षा अधिकारी अंजनी कुमार त्रिपाठी द्वारा बनाई गई दो सदस्यीय जांच कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर की गई है। इधर मामले में शिक्षक ने इस पूरे प्रकरण को साजिश बताया है। निलंबित किए गए माध्यमिक शिक्षक संतोष अहिरवार का कहना है कि गांव के सरपंच का लड़का मेरे खिलाफ साजिश रच रहा है। यह जरूर है की मस्ती करने पर बच्ची को पास में रखी एक छड़ी मारी थी। लेकिन मेरा कोई गलत इरादा नहीं था। सिर्फ फंसाया जा रहा है।



**यह है पूरा मामला:** बीआरसीसी फंदा अंतर्गत निपानिया सूखा माध्यमिक शाला में में छठवीं क्लास में दस वर्षीय छात्रा अध्ययनरत है। छात्रा की मां के अनुसार शुक्रवार दोपहर को वह स्कूल में थी। इसी दौरान उसने अपनी सहेली की किताब ले ली। इससे गुस्साए शिक्षक संतोष अहिरवार ने बच्ची पर मस्ती करने का आरोप लगाते हुए डंडा उठाया और पीछे व आगे प्रायवेट पार्ट पर डंडे से पिटाई कर दी। मां ने मामले की शिकायत सोशल मीडिया के माध्यम से जन शिक्षक व बीआरसीसी कार्यालय में की गई। कोई कार्यवाही नहीं होने पर सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत की गई। डीईओ अंजनी कुमार त्रिपाठी की टीम ने स्कूल पहुंचकर मामले की जांच की थी और शिक्षक सहित अन्य लोगों के बयान लिए थे। जांच प्रतिवेदन डीईओ द्वारा संभागीय संयुक्त संचालक अरविंद चौरगढे को भेजा गया था। जिसके बाद जेडी ने शिक्षक संतोष अहिरवार को निलंबित कर दिया है।

## क्लैट: 3 दिसंबर को परीक्षा, आवेदन की अंतिम तारीख अब 10 नवंबर

**भोपाल।** कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट 2024) के फार्म भरने की अंतिम तारीख बढ़ गई है। कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटीज की ओर से आयोजित संयुक्त विधि प्रवेश परीक्षा (क्लैट 2024 ) के लिए अब अभ्यर्थी 10 नवंबर तक आवेदन कर सकते हैं। पहले आवेदन की आखिरी तारीख 3 नवंबर थी। इच्छुक अभ्यर्थी स्नातक व परास्नातक कोर्सो में दाखिल के लिए ऑफिशियल वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 3 दिसंबर को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा। परीक्षा पैटर्न को समझने और एग्जाम की पूरी तैयारी के लिए उम्मीदवार वेबसाइट से पूरी जानकारी ले सकते हैं।

## बीयू: पीजी के अब तक नहीं हुए प्रेक्टिकल, जनवरी में हो सकेगी परीक्षा

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

बरकतउल्ला विश्विद्यालय (बीयू) में पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं अब जनवरी में ही हो पाएगी। बीयू में पीजी कोर्स की 20 अक्टूबर से शुरू हो जाने वाली प्रैक्टिकल परीक्षाएं अब तक नहीं हो सकी हैं, क्योंकि फर्स्ट सेमेस्टर में 14 अक्टूबर तक प्रवेश दिये गए। हालत यह है कि पीजी फर्स्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स के इनरोलमेंट भी नहीं हुए हैं। वहीं दोनों सेमेस्टर की परीक्षा एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार 22 नवंबर से शुरू होनी है। इससे पहले 9 से 14 नवंबर तक दीपावली के अवकाश हैं, 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव की वोटिंग हैं। ऐसे में परीक्षा शुरू होने में 8 कार्यदिवस ही शेष है। इसलिए पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं जनवरी में ही संभव हैं।



**यूटीडी में 30 तक नामांकन :** बीयू के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में सत्र 2023-24 के अंतर्गत प्रवेशित छात्रों के लिए काम की खबर है। इन छात्रों के नामांकन अब 30 नवंबर तक होंगे। इसी दौरान प्राइवेट तौर पर यूजी-पीजी करने वाले छात्रों को नामांकन कराना होगा। विवि प्रशासन ने पर्व में इसकी तारीख 30 अक्टूबर तय की थी।

### इसलिए बढ़ाई तारीख

बीयू से संबद्ध कॉलेजों में यूजी और पीजी करने के लिए नियमित रूप से एडमिशन लेने वाले छात्रों के भी नामांकन नहीं हो सके हैं। नियमित रूप से एडमिशन लेने इन छात्रों का डेटा भी उच्च शिक्षा विभाग से विवि को नहीं मिला है। ऐसे में विवि प्रशासन ने स्वाध्यायी माध्यम से पढ़ाई करने के इच्छुक छात्रों के नामांकन की अंतिम तारीख बढ़ाने का निर्णय लिया है।

## आश्रम में दीपावली के निमित्त हुआ भण्डारा



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।** रविवार को संत श्री आशारामजी आश्रम, गांधीनगर बायपास में गरीब व मजदूर परिवारों के लिए विशेष भंडारे का आयोजन हुआ, 800 लोगों को टोकन वितरित किए गए। उसके बाद सभी को नए बर्तन, मिठाई, कपड़े, कम्बल, चप्पल, दीपावली की पूजन सामग्री के साथ-साथ दक्षिणा व अन्य जीवनोपयोगी वस्तुएं भेंट की गईं। श्री योग वेदांत सेवा समिति, युवा सेवा संघ व महिला उत्थान मंडल ने भंडारे का आयोजन किया। प्रभारी ओम प्रकाश कृपलानी, जय किशन लालचंदानी, मोहन गुप्ता, रितेश राजदेव, हरीश मेहरचंदनी ने बताया कि आए हुए सभी परिवारों के लोगों ने व्यसनों से दूर रहने का संकल्प भी लिया।

**मेट्रो एंकर**

### हुजूर में कार्यकर्ताओं-नागरिकों से संवाद किया

# संतनगर में होगा वन्देभारत ट्रेन का स्टॉपेज़ : वैष्णव

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रविवार को हुजूर विधानसभा के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। संतनगर में भारत विकास परिषद की बैठक में नागरिकों से संवाद भी किया। फंदा में भाजपा के कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा भी की।

वैष्णव ने कहा कि संत हिरदाराम नगर भोपाल ही नहीं अपितु मध्यप्रदेश का प्रमुख व्यवसायिक व व्यापारिक केन्द्रों में एक है। इसी महत्वता को ध्यान में रखकर यहां कार्गो हब बनाया जाएगा। संत नगर रेलवे स्टेशन को रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। संत नगर में ही वंदे भारत ट्रेन का स्टॉपेज़ भी दिया जाएगा। जिससे नागरिक सुविधा के साथ व्यवसायिक गतिविधियों में भी बढ़ोत्तरी होगी।



**सिंधी पंचायत ने ट्रेनों स्टॉपेज की मांग की:** सिंधी सेन्ट्रल पंचायत ने केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को ज्ञापन सौंपकर यहां से गुजरने वाली तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के स्टापेज की मांग की। पंचायत ने वंदे भारत ट्रेन संख्या 20911/20912, जयपुर से नागपुर तक चलने वाली ट्रेन संख्या 20973/20974 के अलापवा भगत की कोठी ट्रेन संख्या 20843 एवं 20844 का स्टॉपेज की मांग रखी। पंचायत ने दावा किया है कि रेल मंत्री ने मांग पर विचार करने का भरोसा दिलाया है।

### भाजपा कार्यालय पहुंचे

चंचल चौराहे स्थित भाजपा चुनाव कार्यालय भी पहुंचे यहां उन्होंने चुनाव कार्यालय में उपस्थित कार्यकर्ताओं से संवाद किया उन्होंने बूथ पर चल रहे काम की समीक्षा भी की एवं प्रत्येक बूथ पर भाजपा का कमल खिलाने का संकल्प कार्यकर्ताओं को दिलाया । इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, पार्षद राजेश हिंगोरानी, चन्द्रप्रकाश इसरानी, रविन्द्र यति, सूरज यादव, सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

### फंदा में चाय पर चर्चा

फंदा क्षेत्र में नागरिकों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ चाय पर चर्चा की। वैष्णव सहज अंदाज में युवाओं से संवाद करते नजर आए। चर्चा के अंत में उन्होंने युवाओं के साथ सेल्फी भी ली। उनकी इस चर्चा का युवाओं पर भी खासा प्रभाव रहा।

### प्रतिभा प्रदर्शन का बड़ा मंच है जिज्ञासा

**हिरदाराम नगर।** 'एसएचआईएम जिज्ञासा' मध्य भारत का सबसे बड़ा मंच है, जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं को अपने प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। जिज्ञासा में इंटर स्कूल चैंपियनशिप, भोपाल ही नहीं अन्य संभाग एवं जिलों के भी प्रतिष्ठित स्कूलों में होगी। क्विज कंपटीशन, ग्रुप डांस, रंगोली, कोलाज मेकिंग, टैलेंट हंट, रील मेकिंग, बेस्ट आउट ऑफ़ वेस्ट, पेंटिंगए पेपर ड्रेस प्रतियोगिताएं होगी। इसके अलावा एक स्पेशल बैंड परफॉर्मेंस भी है।

जिज्ञासा में संस्थान की एमबीए एवं एमबीए इंटीग्रेटेड की छात्राओं की विभिन्न कमेटी बनाई गई, जो शिक्षकों के मार्गदर्शन में काम कर रही है। मध्यभारत के 70 से ज्यादा स्कूलों के 800 से ज्यादा छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे है।

## कांग्रेस व भाजपा में वार-पलटवार, चुनाव प्रचार का दौर जोरदार

# नाथ ने बताया खुद को नया मॉडल शिवराज ने कहा - यह डिफेक्टिव



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह सिंगरौली में रोड शो के दौरान।




केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का नर्मदापुरम और रायसेन का चुनावी दौरा।



भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मप्र के सभी विस क्षेत्रों में जोरदार चुनाव प्रचार का दौर है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस की हिमाचल व कर्नाटक की जीत को ठगी करार दिया है। ठाकुर ने भोपाल प्रवास के दौरान तुकबंदी बनाकर कहा- हिमाचल ठगा, कर्नाटक ठगा, ठग लिया पूरा राजस्थान... झूठी गारंटियों का पहन के चोला, फिर ठगने निकला कांग्रेस हाईकमान। वहीं कांग्रेस नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने भाजपा हाइकमान से लेकर पीएम तक निशाने साधे, कांग्रेस की गारंटी उनके फोकस में रहीं। वहीं सीएम शिवराज ने रात तक बांधवगढ,सिंहावल से लेकर चुरहट में सभा की। इन्हीं क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशियों ने भी एक सामूहिक बैठक करके कार्यकर्ताओं को एकजुट किया। वहीं केंद्रीय उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उज्जैन और इंदौर में व्यापारिक संगठनों की संगोष्ठी को सम्बोधित किया और साधा। गोयल के साथ भाजपा व्यापारिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद जैन और स्थानीय जनप्रतिनिधि मंचासीन थे। उन्होंने भाजपा की उपलब्धि गिनाने हुए अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें।

### वो जिसे रेवड़ी कहते थे, खुद गारंटी के रूप में परोसने लगे हैं...



जयराम रमेश ने यहां वादा किया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर एक जनवरी, 2024 से महिलाओं के खातों में डेढ़ हजार रुपये जमा होने लगेंगे और उन्हें रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो गारंटियां दी हैं, वे सभी लागू होंगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गरीब कल्याण अन्न योजना पांच वर्ष तक बढ़ाने की घोषणा पर कहा कि यूपीए सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून लाई थी, मोदी सरकार ने उसका केवल नाम बदलाहै। यह घोषणा इस बात को भी दर्शाती है कि देश में आर्थिक विषमता कितनी बढ़ी है। मोदी पहले जिसे रेवड़ी बताते थे, अब स्वयं गारंटी की बात करने लगे हैं।

### नाथ बोले- मैं अब 2023 का मॉडल हूं

उधर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने दतिया पहुंचकर पीतांबरा शक्तिपीठ पहुंचकर वहां माँ पीतांबरा की पूजा-अर्चन की। फि जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अब 2018 का मॉडल नहीं, 2023 का मॉडल हूं। हमने 2018 की सरकार में 27 लाख किसानों का कर्जा माफ किया था और दतिया जैसे छोटे जिले में हमने पहली किस्त में 71 हजार किसानों का कर्जा मा? करने का काम किया था। उन्होंने कहा कि आप चिंता मत कीजियेगा पर इस बार हम फिर से किसानों का कर्ज माफ करेंगे। कन्या विवाह के लिए 1 लाख एक हजार रुपए की राशि देने का काम किया जाएगा।

### विंध्य में सक्रिय सीएम- भाजपा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बांधवगढ़, ब्यौहारी, धौहनी, चुरहट, सिंहावल, चितरंगी और सिंगरौली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में विशाल चुनावी सभाओं में कहा कि कमलनाथ का मॉडल डिफेक्टिव मॉडल है अगर ये मॉडल मध्यप्रदेश में आ गया तो प्रदेश फिर से बीमारू बन जाएगा। इस दौरान सिंगरौली में रोड शो भी हुआ जिसमें सीएम का फूलों की बारिश कर स्वागत किया गया। महिलायें खास तौर पर नजर आ रही थीं। ज्ञात हो कि विंध्य में भाजपा भी खास ध्यान दे रही है और हाल की कुछ घटना व बागी उम्मीदवार के बाद सतर्कता बरत रही है।

### आज राजनाथ सिंह समेत भाजपा ब्रिगेड के दर्जनों दौरे

वरिष्ठ भाजपा नेता आज प्रदेश के विभिन्न जिलों के प्रवास पर हैं। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ग्वालियर ग्रामीण एवं रायसेन, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सिंगरौली, रीवा, सतना व भोपाल, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेष चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेन्द्र सिंह तोमर शिवपुरी, दतिया, श्योपुर व मुरैना, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा झाबुआ, धार, इंदौर, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ग्वालियर, दतिया, भिण्ड, केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा रायसेन, सांसद रवि किशन अनूपपुर, उमरिया, जबलपुर केंट जिले की विधानसभाओं में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनाव प्रचार करेंगे।

### सीधी में लिया संकल्प

उधर विंध्य के सीधी विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल की मौजूदगी व कांग्रेस प्रत्याशी ज्ञान सिंह की उपस्थिति में हुई। इस दौरान स्व अर्जुन सिंह की जन्म जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन किया गया। कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव में विजय संकल्प दिलाया गया। बैठक में अजय सिंह ने कहा कि भाजपा झूठी घोषणाएं करने में माहिर है अपने 20 वर्षों के शासनकाल में कमीशन खोरी खुली लूट और झूठ के सिवा भाजपा ने प्रदेश को कुछ नहीं दिया युवा किसान महिलाएं कर्मचारी सब भाजपा सरकार से परेशान हैं मध्य प्रदेश में परिवर्तन की लहर चल रही है।



भोपाल के नरेला में अपने साथ तीर्थयात्रा करने वाली महिलाओं के बीच कांग्रेस उम्मीदवार मनोज शुक्ला



भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने छतरपुर में कार्यकर्ताओं की बैठक में

## चुनाव और आयोग...

# आचरण संहिता उल्लंघन रोकने का डिजिटल हथियार 'सी विजिल' एप

चुनाव के दौरान आदर्श आचरण संहिता उल्लंघन की शिकायतों को प्राप्त कर तत्काल कार्रवाई के लिए भारत निर्वाचन आयोग सी विजिल एप का इस्तेमाल करता है। सी - विजिल (नागरिक सतर्कता) नागरिकों के लिए निर्वाचनों के दौरान आदर्श आचारण संहिता और व्यय के उल्लंघन की रिपोर्ट करने हेतु एक मोबाइल एप है। 'सी- विजिल' का उद्देश्य नागरिक सतर्कता और जागरूकता से है। एप में नागरिकों द्वारा निर्वाचनों के स्वतन्त्र और निष्पक्ष संचालन के लिए परस्पर सक्रिय और जिम्मेदार भूमिका निभाने पर बल दिया गया है। एप में दिए गए फीचर्स की मदद से नागरिक कहीं पर भी आचरण संहिता के नियमों का उल्लंघन होने पर उसकी तस्वीर खींचकर और लिखकर दिन, तारीख के साथ चुनाव आयोग को दे सकते हैं।

सी - विजिल मोबाइल एप लागू करने के पीछे यह उद्देश्य भी रहा कि प्रूफ (साक्ष्य) की कमी से कई बार चुनाव आयोग कार्रवाई नहीं कर पाता था। लेकिन अब नियमों का उल्लंघन होने पर शिकायत के लिए सी विजिल का इस्तेमाल होने लगा है। कोई भी नागरिक इस एप के द्वारा फोटो, वीडियो के जरिए तुरंत शिकायत कर सकता हैं। दरअसल, चुनावी कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही आदर्श आचरण संहिता (एमसीसी) लागू हो जाती है और आचरण संहिता के नियमों का कोई उल्लंघन न करने पाए इसके लिए चुनाव आयोग के दल होते हैं, लेकिन नियमों को तोड़ने वाले कई बार बच निकलते हैं। इसके अतिरिक्त किसी दस्तावेज का अभाव, छेड़छाड़ न की गई सामग्री, चित्रों और वीडियो के रूप में साक्ष्यों की कमी, बाद में की गई शिकायत की यथार्थता को प्रमाणित करने में एक बड़ी बाधा होती है।

आयोग का यह अनुभव रहा कि निर्वाचन के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की रिपोर्ट में देरी के परिणामस्वरूप अक्सर उल्लंघन करने वाले निर्वाचन आयोग के उन उड़नदस्तों की नजर से बच निकलते हैं, जिन्हें आदर्श आचारण संहिता को लागू करने का दायित्व सौंपा जाता है। यही कारण है कि निर्वाचन आयोग ने सी-विजिल एप लांच किया है। जिस पर किसी भी तरह की धांधली की रिपोर्ट की जा सकती है। और आयोग उस पर त्वरित कार्रवाई करता है।

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त रहे ओपी रावत के कार्यकाल में निर्वाचन आयोग ने चुनाव को पारदर्शी एवं निष्पक्ष बनाने की दिशा में सी-विजिल एप को डिजिटल हथियार के रूप में प्रभावी बनाया है। आयोग ने यह हक और अधिकार सी विजिल एप के जरिए नागरिकों को दिया है कि इस डिजिटल हथियार के जरिए आप निष्पक्ष चुनाव में अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं। स्मार्ट फोन है तो उस पर सी विजिल एप डाउनलोड करें और चुनाव आचारण संहिता उल्लंघन की शिकायत करें।

– प्रलय श्रीवास्तव

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने पर बीएलओ को 25 तो सेक्टर अधिकारी को मिलेंगे 50 हजार

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग प्रत्येक स्तर पर कदम उठा रहा है। आयोग ने तय किया है कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने वाले बीएलओ को 25 हजार और सेक्टर अधिकारियों को 50 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। जिले में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब कलेक्टर ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने बीएलओ और सेक्टर आफिसर को प्रोत्साहित करने के लिए नगद राशि देने का निर्णय लिया हैं। इसकी जानकारी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने दी है।

उल्लेखनीय है कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले पांच बीएलओ को 25-25 हजार रुपये की राशि के साथ प्रशंसा-पत्र प्रदान किया जाएगा। लेकिन इसके लिए जरुरी होगा कि संबंधित बीएलओ ने अपने मतदान केंद्र के न्यूनतम 90 प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की हो। यदि पांच से अधिक बीएलओ द्वारा समान मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त की जाती है, तो उस स्थिति में सर्वाधिक मतदाता पर्ची वितरित किए जाने के प्रतिशत को आधार मानकर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा।

इसी प्रकार प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत वृद्धि प्राप्त करने वाले एक सेक्टर आफिसर को 50 हजार रूपये तथा प्रशंसा पत्र प्रदान किया जाएगा। लेकिन इसके लिए भी अनिवार्य होगा कि उक्त सेक्टर आफिसर के क्षेत्र में 90 प्रतिशत मतदाताओं को मतदाता पर्ची वितरित की गई हो।

## डाक मतपत्र से मतदान के लिए तीन सुविधा केंद्र बनाए गए

**भोपाल।** मतदान दल व निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारियों, कर्मचारियों की डाक मतपत्र के माध्यम से वोटिंग के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी में बताया कि सरकारी महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज, मोतीलाल विज्ञान कॉलेज और लाल परेड ग्राउंड में सुविधा केंद्र स्थापित किए गए हैं। महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज व मोतीलाल विज्ञान कॉलेज केंद्र में 6, 7 व 8 नवंबर को और लाल परेड ग्राउंड में 9 व 10 नवंबर को डाक मतपत्र से वोटिंग कराई जाएगी।

## सामान्य प्रेक्षक ने ली सेक्टर व अधिकारियों की बैठक

**भोपाल।** दक्षिण पश्चिम विधानसभा की सामान्य प्रेक्षक आइएएस सुजाता साहू ने सभी सेक्टर अधिकारी, सेक्टर पुलिस ऑफिसर और बीएलओ की समीक्षा बैठक की। बैठक में मतदान दल के प्रशिक्षण, क्रिटिकल व वल्नरेबल मतदान केंद्र के साथ मतदाता पर्ची वितरण, पीडब्ल्यूडी और 80 से अधिक आयु के मतदाताओं के मतदान की व्यवस्थाओं और निर्वाचन के संबंध में निर्देश दिए।

**मेट्रो एंकर** चुनाव में ड्यूटी नहीं लगाने के लिए शिक्षक का अनोखा तर्क

# अजब जिद : पहले शादी करवाओ, तभी करूंगा इलेक्शन ड्यूटी, कलेक्टर ने किया सस्पेंड

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**प्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव होने वाले, ऐसे में बड़ी संख्या में शिक्षकों को चुनावी डयूटी में तैनात किया गया है। इसी बीच सतना जिले में चुनाव में डयूटी से बचने के लिए एक शिक्षक द्वारा अनोखा तर्क देने का मामला सामने आया है, जिसे सुनकर अधिकारी भी चौंक गए। शिक्षक ने कहा कि पहले मेरी शादी करवाओ, तभी इलेक्शन डयूटी करूंगा। यहां तक कि शिक्षक ने अपने पत्र में कथित रूप से 3.5 लाख रुपये दहेज और सिंगरौली टावर या समदरिया में फ्लैट के लिए लोन मंजूर करने की मांग भी कर दी। मामले में प्रशासन द्वारा शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है।**

दरअसल, मामला सतना जिले के अमरपाटन में महुदर हायर सेकेंडरी स्कूल का है। यहां पर 35 वर्षीय टीचर अखिलेश कुमार मिश्रा संस्कृत पढ़ाते हैं। अन्य शिक्षकों की तरह ही उन्हें भी चुनाव ड्यूटी पर रिपोर्ट करने का आदेश मिला। प्रशासन की ओर से 16-17 अक्टूबर को ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया था, लेकिन अखिलेश मिश्रा गायब थे। जिसके बाद उन्हे नोटिस जारी किया गया। जिसके जवाब में टीचर ने 31 अक्टूबर को सतना के डीएम अनुराग वर्मा को लेटर भेजा था।

### मेरी पूरी जिंदगी अकेले कट रही है

इस लेटर में टीचर ने अपने अधेड़ अवस्था में पहुंच जाने और अब भी शादी न हो पाने को दुख का इजहार किया। अपने लेटर में टीचर अखिलेश कुमार मिश्रा ने लिखा, मेरी पूरी जिंदगी अकेले कट रही है। पहले मेरी शादी कराओ, उसके बाद ही मैं चुनावी ड्यूटी करूंगा। टीचर का यह अजीब पत्र मिलने के बाद जिला प्रशासन ने उन्हें सस्पेंड कर दिया।



## सुविचार

'' सोच का ही फ़र्क होता है, वरना समस्याएं आपको कमजोर नहीं बल्कि मज़बूत बनाने आती हैं''

-अज्ञात

## संपादकीय

# सियासत और चुनावी बांड

राजनीतिक दलों को आर्थिक मदद यानि दान पहुंचाने की परंपरा के लिये बना नियम अब चर्चा में है। सुप्रीम कोर्ट में चल रहे इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़े अहम मामले में बीते दिनों सुनवाई पूरी हो गई है। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली बेंच ने अपना फैसला सुरक्षित भी रख लिया है, लेकिन सुनवाई के दौरान जिस तरह से इस मसले के अलग-अलग पहलू उभरे वह भी काफी महत्वपूर्ण हैं। इस दौरान न केवल चुनावी फंडिंग से बल्कि डोनेशन देने वाली कंपनियों, डोनेशन पाने वाले दलों और इन राजनीतिक दलों को अपने वोट से चुनने वाले वोटरों के अधिकारों से भी जुड़ी अलग-अलग राय सामने आई। बल्कि यह तक सवाल उठा कि सुप्रीम कोर्ट को इस मसले पर विचार करने का अधिकार है भी या नहीं। अदालत ने साफ किया कि चुनावी फंडिंग का जो फॉर्मैट कार्यपालिका ने बनाया है, वह संविधान की कसौटियों पर खरा उतरता है या नहीं, यह देखना उसकी जिम्मेदारी है और इसी सवाल पर वह विचार करेगी। अगर उसमें कमी पाई जाती है तो उसे कैसे ठीक किया जाए या उसकी जगह कोई दूसरा फॉर्मैट लाना है तो वह कैसा हो और कैसे आए, यह देखना सरकार का काम होगा। सुनवाई के दौरान यह बात बार-बार कही गई कि चुनावी बॉन्ड से जुड़ा कानून लाने के पीछे मंशा अच्छी थी। इस पर किसी पक्ष ने आपत्ति भी नहीं की। बावजूद इसके, फंडिंग के इस तरीके में कई तरह की दिक्कतों की बात सामने आई। भले ही कानून लाने के पीछे कैश डोनेशन रोकने और फर्जी कंपनियों के डोनेशन पर लगाम लगाने का इरादा रहा हो, लेकिन व्यवहार में तो यह हो रहा है कि डोनेशन से जुड़े डीटेल्स तक सिर्फ सरकार और सत्तारूढ़ पार्टी की पहुंच होती है किसी और की नहीं। इसका परिणाम यह देखा जा रहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड का तकरीबन सारा हिस्सा सत्तारूढ़ दलों को जाता है और बाकी पार्टियों को नाम मात्र का हिस्सा मिलता है। इस धारणा की पुष्टि के लिए हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से इलेक्टोरल बॉन्ड के जरिए मिले फंड का ब्योरा पेश करने को कहा है, लेकिन यहां दो सवाल उभरते हैं। पहला यह कि कहीं इससे विभिन्न राजनीतिक दलों के समानता के अधिकार की धज्जियां तो नहीं उड़ रहीं और दूसरा, कहीं यह रिश्वत को लीगलाइज करने का तरीका तो नहीं बन गया है। एक अहम पहलू यह भी सामने आया कि अपने डोनेशन को गोपनीय रखने का कंपनियों का अधिकार ज्यादा महत्वपूर्ण है या राजनीतिक दलों को मिल रही फंडिंग का सोर्स जानने का आम नागरिकों और वोटरों का हक। इस मसले से जुड़े इन तमाम पहलुओं पर सुप्रीम कोर्ट आखिरकार क्या रुख अपनाता है यह तो उसके फैसले से ही सामने आयेगा फिलहाल यह उम्मीद जरूर की जा सकती है कि कोर्ट का आदेश आने वाले दिनों में चुनावी फंडिंग का स्वरूप तय करने के साथ ही चुनाव सुधारों को भी नई दिशा देने का काम करेगा। भारत में इलेक्टोरल बांड के जरिये दान का ब्योरा आज यदि रहस्य है तो यदि कालांतर में कभी सरकारें बदलीं तो इस ब्योरे तक दूसरे दल की पहुंच बन सकती हैं,फिर वह ब्योरा उसी तरह विवादित होगा,जैसे कुछ पार्टियों को पहले मिले चंदे के विवाद पर चर्चा होती है।

## कविता

### खेल रहे हैं सारे !



– कृष्णेन्द्र राय

है बढ़ानी सीटें ।<br>
चल रहा है काम ।।<br>
करने को कमाल अब ।<br>
कोशिशें तमाम ।।<br>
खेल रहे हैं सारे ।<br>
अपना अपना खेल ।।<br>
थोड़ा थोड़ा अपनो पर ।<br>
कस रहे नकेल ।।<br>
हो रहा व्यवहार ऐसा ।<br>
जैसे चमत्कार ।।<br>
बंद है तकरार अभी ।<br>
करने को उपकार ।।<br>
मच रही है धूम अब ।<br>
लाने को बहार ।।<br>
है इच्छा कुछ ऐसी ।<br>
ना फिसले आधार ।।

## आज का इतिहास

- 2000 में आज ही के दिन ज्योति बसु ने लगातार 23 वर्षो तक पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री रहने के बाद पद छोड़ा था।
- 1999 में 6 नवंबर को ही ऑस्ट्रेलिया ने ब्रितानी राजतंत्र को नहीं ठुकराने का फैसला किया था।
- 1998 में आज ही के दिन अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने डेट्रॉइन क्षेत्र को ऑटोमोबाइल राष्ट्रीय स्मारक क्षेत्र घोषित किया था।
- 1990 में 6 नवंबर के दिन ही नवाज शरीफ़ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने थे।
- 1965 में आज ही के दिन अमेरिका और क्यूबा में अमेरिका छोड़ना चाहने वाले क्यूबाइयों के लिए विशेष विमान चलाने पर सहमति बनी थी।
- 1962 में 6 नवंबर को ही राष्ट्रीय रक्षा परिषद की स्थापना हुई थी।
- 1949 में आज ही के दिन यूनान में गृह युद्ध खत्म हो गया था।
- 1943 में 6 नवंबर के दिन ही द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान ने अंडमान और निकोबार द्वीप समूहों को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस को सौंप दिया था।
- 1913 में आज ही के दिन महात्मा गांधी ने दक्षिण अफ्रीका में रंगभेद की नीतियों के खिलाफ 'द ग्रेट मार्च' का नेतृत्व किया था।
- 1903 में 6 नवंबर के दिन ही अमेरिका ने पनामा की स्वतंत्रता को मान्यता दी थी।
- 1888 में आज ही के दिन गांधी जी ने बैरिस्टर का प्रशिक्षण लेने के लिए लंदन के इनर टेंपल में प्रवेश लिया था।
- 1860 में 6 नवंबर के दिन ही अब्राहम लिंकन अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति चुने गए थे।
- 1844 में आज ही के दिन स्पेन ने डोमिनिकन गणराज्य को स्वतंत्र किया था।

# सामूहिक जवाबदेही में प्रदूषण का समाधान

**ज्ञानेन्द्र रावत**

देश की राजधानी दिल्ली ही नहीं, सम्पूर्ण राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र भीषण प्रदूषण की चपेट में है। विडंबना है कि ग्रैप यानी ग्रेडेड रिस्?पॉन्?स एक्?शन प्?लान लागू होने के लगभग 30 दिन बाद भी प्रदूषण कम होने का नाम नहीं ले रहा। ग्रैप के नियम टूट रहे हैं, धुआं या धूल उड़ाने, कूड़ा जलाने, निर्माणाधीन इमारतों पर प्रदूषण फैलाने पर 200 से लेकर 50 हजार रुपये के जुर्माने की घोषणा के बाद भी एजेंसियां गंभीर नहीं हैं। इसका नतीजा खांसी, जुकाम, अस्थमा, सांस लेने में परेशानी, गठिया, जोड़ों के दर्द के रोगियों की अस्पतालों में बाढ़ आ गई है। डाक्टरों की मानें तो प्रदूषण धीमा ज़हर है। एम्स के रूमैटोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. उमा कुमार एक शोध का संदर्भ देते हैं कि वातावरण में पीएम 2.5 का स्तर बढ़ने से शरीर में सूजन वाले मार्कर बढ़ जाते हैं। गठिया और आटोइम्यून बीमारी बढ़ जाती हैं। इसलिए गठिया के मरीजों को सतर्क रहना चाहिए। घर से बाहर निकलने पर मास्क का इस्तेमाल श्रेयस्कर है।

इंटर्नल मेडिसिन के स्पेशलिस्ट डॉ. सुरनजीत चटर्जी के मुताबिक प्रदूषण के साथ अब सुबह ठंड का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। ठंड के साथ प्रदूषण बढ़ना ज्यादा खतरनाक है। इससे दिल की बीमारियां बढ़ जाती हैं। असलियत यह है कि सामान्य मास्क से वातावरण में मौजूद सूक्ष्म कण नहीं रुक पाते। अधिक प्रदूषित जगह पर प्यूरीफायर लगा लेना उचित रहता है।

वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई के दावे कुछ भी किये जायें, हकीकत में ज़हरीली हवा में सांस लेना दिल्ली के लोगों की नियति बन चुकी है। मौसम विभाग और केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मानें तो फिलहाल प्रदूषण में राहत मिलने के आसार न के बराबर हैं। बोर्ड के अनुसार देश के 227 शहरों के एयर इंडेक्स का जायजा लें तो ग्रेटर नोएडा, फरीदाबाद, गाजियाबाद, गुरुग्राम व नोएडा सबसे अधिक प्रदूषित हैं। इस दौरान वातावरण में पीएम-10 का स्तर 288 माइक्रोग्राम प्रति घनमीटर रहा जो सामान्य से तीन गुणा अधिक है।

कहने को तो दिल्ली सरकार प्रदूषण रोकने की दिशा में ग्रीन एप के माध्यम से विशेष अभियान चलाने, ग्रैप के विभिन्न चरणों को लागू कर इसे कम करने, हरित क्षेत्र बढ़ाने को लाखों पेड़ लगाने, 1700 से ज्यादा कंपनियों में सीएनजी और पीएनजी का इस्तेमाल, दो कोयला आधारित संयंत्र बंद किये जाने और पड़ोसी राज्यों में पराली जलाये जाने से रोकने के लिए केन्द्र के साथ लगातार बैठकें करने और पराली गलाने को मुफ्त बायोडीकंपोजर का छिड़काव करवाने का दावा कर रही है। लेकिन सवाल यह कि इन



कोशिशों के बावजूद प्रदूषण से दिल्ली वालों को राहत क्यों नहीं मिल रही है। लाख पाबंदियों और उपायों के बावजूद प्रदूषण के मामले में दिल्ली शीर्ष पर बनी है। डब्ल्यूएचओ की मानें तो दिल्ली वायु गुणवत्ता की सुरक्षित सीमा से 20 गुणा तक अधिक प्रदूषित है।

विशेषज्ञों की मानें तो दिल्ली के बढ़ते प्रदूषण में पराली की अहम भूमिका है। बीते 48 घंटों में ही पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की सर्वाधिक घटनाएं हुई हैं। फिलहाल पंजाब-हरियाणा की ओर से दिल्ली में उत्तर पश्चिम दिशा से हवा चल रही है जो पराली जलाने का धुआं दिल्ली ला रही है। अगले 15 दिनों तक इन राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं और बढ़ेंगी। नतीजन पराली का धुआं दिल्ली की ओर आयेगा और प्रदूषण बढ़ेगा। जबकि दिल्ली के उपराज्यपाल हरियाणा व पंजाब के मुख्यमंत्रियों से पिछले दिनों पराली का प्रदूषण रोकने का अनुरोध भी कर चुके हैं।

आंकड़े बताते हैं कि इस साल 15 सितंबर से 11 अक्तूबर तक हरियाणा में पराली जलाने की 340 घटनाएं हुई जबकि पिछले साल इस दौरान 83 मामले सामने आये थे। पंजाब में इस अवधि में 1063 घटनाएं हुई जबकि पिछले साल इस अवधि में 763 घटनाएं हुई। इसी वजह से दिल्ली सरकार केन्द्र से उत्तर भारत के मुख्यमंत्रियों और पर्यावरण मंत्रियों की बैठक बुलाने की मांग कर रही है।

आम आदमी पार्टी की मांग है कि बैठक में उन राज्यों के मुख्यमंत्रियों व पर्यावरण मंत्रियों को बताया जाये कि उनके प्रदेशों से किन-किन कारणों से दिल्ली में प्रदूषण फैल रहा है। यदि एनसीआर के सभी राज्यों में पराली जलाने की घटनाओं में कमी आ जाये तो दिल्ली में इसका सकारात्मक प्रभाव होगा। यह तभी संभव है जब संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्री किसानों के साथ बैठक कर बातचीत के जरिये पराली जलाने की घटनाएं रोकने के बाबत प्रयास करें।

यह भी सच है कि दिल्ली के चारों तरफ 300 किलोमीटर के दायरे में प्रदूषण से हालात बदतर हैं। दिल्ली में 70 फीसदी प्रदूषण आसपास के क्षेत्रों से आ रहा है। एनसीआर में करीब दो हजार ईंट भट्ठे पुरानी तकनीक से और तीन हजार उद्योग कच्चे ईंधन से चल रहे हैं। यहां इस सच्चाई को झुठला नहीं सकते कि सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी ने भी बीते 10 सालों में बार-बार कहा कि भट्ठा संचालकों के साथ बैठक कर नयी तकनीक से संचालन के लिए प्रोत्साहित करें लेकिन आज तक किसी ने इस बाबत पहल नहीं की। दिल्ली तभी प्रदूषण मुक्त हो सकती है जब नेतृत्व की इच्छाशक्ति हो और संबंधित सरकारें वायु प्रदूषण के नुकसान को समझें और उसके निराकरण के लिए मिलकर ठोस-कारगर उपाय हेतु प्रयास करें। नागरिकों को भी जिम्मेदारी का अहसास हो।

**साभार :** यह लेखक के अपने विचार हैं।

# आरएसएस: 'भावनात्मक एकता' के बहाने यथास्थिति कायम रखने की कोशिश

**राम पुनियानी**

वर्तमान सत्ताधारी दल सहित हिन्दू राष्ट्र की कायमी के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली कई अन्य संस्थाओं से मिलकर बने संघ परिवार के मुखिया हैं मोहन भागवत। ये संस्थाएं शिक्षा, राजनीति, सामाजिक गतिविधियों आदि में संलग्न हैं। भागवत संघ परिवार को विजयादशमी (दशहरा) के दिन मार्गदर्शन देते हैं। विजयादशमी का यह भाषण उस बहुसंख्यकवादी हिन्दू राष्ट्रवादी राजनीति की विचारधारा और राजनैतिक एजेंडा को प्रतिबिंबित करता है, जिसका नेतृत्व संघ परिवार के हाथों में है।

इस वर्ष (2023) के 24 अक्टूबर को उन्होंने अपने भाषण में केवल शब्दों के कुछ हेरफेर के साथ ऐसी कई बातें कहीं जिन्हें द्वितीय सरसंघचालक एमएस गोलवलकर ने अपनी पुस्तक 'बंच ऑफ थाट्स' में निरूपित किया था। इस पुस्तक में गोलवलकर लिखते हैं, मुस्लिम, ईसाई और कम्युनिस्ट हिन्दू राष्ट्र के लिए आंतरिक खतरा हैं। छलपूर्ण भाषा में भागवत ने कहा कि सांस्कृतिक मार्क्सवाद एक खुदगर्ज और धोखेबाज ताकत है जो मीडिया और शिक्षण के क्षेत्र पर नियंत्रण स्थापित कर देश को विभाजित करना चाहती है। उन्होंने आगे कहा, ये शक्तियां कुछ उत्कृष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए कार्य करने का दावा करती हैं लेकिन उनका वास्तविक लक्ष्य दुनिया की व्यवस्था एवं नैतिकता, परोपकार, संस्कृति, गरिमा और संयम को अस्त-व्यस्त करना है। उन्होंने यह भी कहा कि, ये विध्वंसक शक्तियां अपने आप को 'वोक' या मार्क्सवादी बताते हैं...विश्व की सभी सुव्यवस्था, मांगल्य, संस्कार, तथा संयम से उनका विरोध है....माध्यमों तथा अकादमियों को हाथ में लेकर देशों की शिक्षा, संस्कार, राजनीति और सामाजिक वातावरण को भ्रम एवं भ्रष्टता का शिकार बनाना उनकी कार्यशैली है।

'वोक' शब्द मौजूदा दौर में सांस्कृतिक चर्चाओं के केन्द्र में रहा है. इसकी जड़ अफ्रीकी-अमेरिकियों की स्वयं को नस्लवाद के चंगुल से निकालकर समानता हासिल करने की ललक में है। यह शब्द लोकतंत्र के आगाज़ के पूर्व के तानाशाही के दौर की पितृसत्तात्मकता, नस्लवाद और वर्णो से संबंधित ऊंच-नीच द्वारा खड़ी की गई रुकावटों पर विजय हासिल करने का प्रतीक भी है।

यह कहा जा सकता है कि यह शब्द अब सारी दुनिया में प्रचलित हो गया है. यूरोप और आस्ट्रेलिया में रूढ़िवादी राजनीतिज्ञ 'वोक' के समावेशिता के विचार का उपहास करते हैं और इसके आधार पर लैंगिक समानता और पर्यावरण संरक्षण का विरोध करते हैं. बीबीसी की डाक्यूमेन्ट्री 'इंडियाः द मोदी क्वेश्चन' (मोदी के मुख्यमंत्रित्वकाल में गुजरात में हुई हिंसा पर बनी डाक्यूमेन्ट्री जिस पर भारत में पाबंदी लगा दी गई है) के बारे में टिप्पणी करते हुए आरएसएस नेता राम माधव ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में लिखा कि बीबीसी का यह 'पतन' ब्रिटेन के संभ्रात वर्ग में 'वोक संस्कृति' के उदय के कारण हुआ है। जो राम माधव यह मानते हैं कि 'द मोदी क्वेश्चन' का प्रसारण करने से बीबीसी का 'पतन' हुआ है वे ही राम माधव सरसंघचालक के 'जड़ों' की ओर लौटने (संक्षेप में मनुस्मृति के मूल्यों के इर्दगिर्द जाने) के आव्हान का समर्थन करते हैं और सांस्कृतिक मार्क्सवादियों पर हमारे शिक्षण संस्थानों और मीडिया पर कब्जा करने का आरोप लगाते हैं। उनके अनुसार सांस्कृतिक मार्क्सवादियों ने ऐसा आख्यान विकसित किया है जिसमें हिन्दू धर्म को उच्च जातियों की प्रभुता के रूप में परिभाषित कर हिंदुत्व और जाति या जाति प्रथा को दमनकारी और शोषक निरूपित किया गया है। माधव के अनुसार जातिगत जनगणना विभाजनकारी है।





सच यह है कि स्वाधीनता संग्राम के दिनों से ही मार्क्सवाद से प्रभावित लोग समानता के लिए सामाजिक परिवर्तन के हामी रहे हैं। भगतसिंह और उनके साथियों ने समानता की बात थी। औद्योगीकरण और शिक्षा के प्रसार के साथ प्रगतिशील ताकतों ने उस विचारधारा को उखाड़ फेंकने की वकालत की जो सामंती समाज से हमें विरासत में मिली थी और जो वर्गीय, जातिगत और लैंगिक उंचनीच पर आधारित थी। कम्युनिस्टों के अलावा, जोतीराव फुले और आंबेडकर के नेतृत्व वाली धारा ने भी उस दमनकारी व्यवस्था को चुनौती दी, जिसमें ऊंची जातियों के पुरुष दलितों और महिलाओं पर अपना प्रभुत्व जमाते थे और जिसमें पितृसत्तात्मक मूल्यों की प्रधानता थी। गांधीजी के नेतृत्व वाले स्वाधीनता आन्दोलन ने भी इन मुद्दों को उठाया और दमनकारी सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ विद्रोह को व्यापक स्वरुप देने का प्रयास किया और उसे स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग बनाया।

अभिव्यक्ति की आज़ादी के लिए संघर्ष भी स्वाधीनता आन्दोलन का अभिन्न अंग था और लोकमान्य तिलक से लेकर गाँधीजी और उनसे लेकर नेहरु तक सभी ने इसका समर्थन किया। प्रगतिशील वर्गों ने विश्वविद्यालयों में शिक्षण और लेखन व भाषणों के ज़रिए अपने विचारों को आम लोगों तक पहुँचाया। इन लोगों ने अपनी बौद्धिक आज़ादी का उपयोग कर हमारी शिक्षा प्रणाली को प्रजातान्त्रिक नींव दी और वे जवाहरलाल नेहरु विश्वविद्यालय जैसे बौद्धिक उत्कृष्टता के केन्द्रों की स्थापना में सहायक बने। इस संस्थान ने जबरदस्त प्रतिष्ठा अर्जित की और देश को अनेक लेखक, नौकरशाह और पुलिस अधिकारी दिए. निश्चित रूप से भागवत और माधव का यह दावा सही नहीं है कि शिक्षा के केन्द्रों में घुसपैठ करने का कोई योजनाबद्ध प्रयास किया गया, जिसके चलते हम 'अपनी जड़ों' से दूर चले गए। उनके लिए तो पूरा स्वाधीनता संग्राम ही 'हमारी जड़ों से दूर जाना था।

हिन्दू राष्ट्रवादियों के इस दावे में भी कोई दम नहीं है कि मार्क्सवादियों की दृष्टि में हिन्दू धर्म का अर्थ था उच्च जातियों की प्रभुता। यह हिन्दू राष्ट्रवादियों की हमारे अतीत की सतही समझ को दर्शाता है. वे भूल जाते हैं कि आंबेडकर (चुनाव में लाभ प्राप्त करने के लिए जिनकी शान में हिन्दू राष्ट्वादी कसीदे काढ रहे हैं) ने कहा था कि हिन्दू धर्म में ब्राह्मणवादी मूल्यों का बोलबाला है. दलितों को समानता का अधिकार न देने के प्रति कटिबद्ध कट्टरपंथी हिन्दू धर्म के सिद्धांतों से आंबेडकर इतने आहत थे कि उन्होंने न केवल सार्वजनिक रूप से मनुस्मृति का दहन किया बल्कि यह घोषणा भी की कि, मैं हिन्दू के रूप में पैदा हुआ था। वह मेरे हाथ में नहीं था। परन्तु मैं हिन्दू के रूप में मरूंगा नहीं। इसी कारण आंबेडकर उन 'जड़ों' से दूर चले गए थे, जिनका गुणगान भागवत और माधव कर रहे हैं। वोक, जो कि सामाजिक ऊंचनीच की बेड़ियों को तोड़ देना चाहता हैं, को भागवत एंड कंपनी नीची निगाहों से देखते हैं. उदारवादी भारतीय संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहते हैं और वे संयुक्त राष्ट्रसंघ के मानवाधिकार घोषणापत्र के मूल्यों का सम्मान करते हैं. इसके विपरीत, आरएसएस ने अत्यंत योजनाबद्ध तरीके से सरस्वती शिशु मंदिरों की श्रृंखला की स्थापना की है, जिनका पाठ्यक्रम जातिगत और लैंगिक पदक्रम का समर्थन करता है। संघ के 'शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास' ने वेंडी डोनिगर के तार्किक और विद्वतापूर्ण लेखन का विरोध किया। एक अन्य संघी संगठन ने एके रामानुजन के लेख ÷थ्री हंड्रेड रामायाणास' को पाठ्यक्रम से बाहर करवाया. यह लेख हमारी विविधवर्णी संस्कृति को समझने में हमारी मदद करता है और ये तो केवल चंद उदाहरण हैं।

उदारवादी मूल्य देश को नहीं बाँट रहे थे. वे तो पितृसत्तात्मकता और जाति प्रथा से मुक्ति की बात करते हैं. देश को जो बाँट रहा है वह है आरएसएस शाखाओं, उसके लाखों स्वयंसेवकों और हजारों प्रचारकों द्वारा किया जा रहा अल्पसंख्यक-विरोधी दुष्प्रचार. जहाँ तक मीडिया पर नियंत्रण का सवाल है, उसके बारे में जितना कहा जाए, वह कम है. सन 1977 में जनता पार्टी की सरकार में लालकृष्ण अडवाणी के सूचना और प्रसारण मंत्री बनने के बाद से आरएसएस के स्वयंसेवकों का मीडिया संस्थानों में घुसपैठ करने का जो सिलसिला शुरू हुआ था, वह अब भी जारी है। मोदी के गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद से कॉर्पोरेट घरानों ने मीडिया के एक बड़े हिस्से पर अपना नियंत्रण कायम कर लिया है और यह हिस्सा अब संघ और भाजपा का भौंपू बन गया है।

ये सभी संगठन और उनके नेता, जाति जनगणना को देश को बांटने वाला बता रहे हैं। सच यह है कि जाति जनगणना, सामाजिक न्याय की स्थापना के दिशा में कदम है. कहने की ज़रुरत नहीं कि आरएसएस, सामाजिक न्याय का घोर विरोधी है।

(**साभार :** अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया; लेखक नेशनल कम्यूनल हार्मोनी अवार्ड से सम्मानित हैं। यह लेखक के अपने विचार हैं।)

### मतदाता जागरुकता के लिए निकली गई वाहन रैली

# अपने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो इस उद्देश्य के साथ रविवार को लायंस क्लब नर्मदापुरम द्वारा मतदाता जागरूकता अंतर्गत वाहन रैली निकाली गई। कलेक्टर नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह एवं सीईओ जिला पंचायत एसएस रावत ने वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर डी एस दांगी ,सहित अन्य गणमान्य नागरिक व लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री सिंह एवं सीइओ जिला पंचायत द्वारा यह है संदेश दिया गया कि अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरुक कर इस मतदान के पर्व में सहयोगी बनना है। मतदाता जागरूकता रैली का विशेष उद्देश्य सभी मतदाताओं को जागरूक करना है जो कि की सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित करें। लायंस क्लब के समस्त सदस्यों ने सभी मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से रैली के दायित्व का निर्वहन कर कार रैली को कलेक्ट्रेट के गेट से कोठी बाजार बीएसएनएल चौराहा, इंदिरा चौक, जयस्तम चौक, सत रास्ता, एनएमभी कॉलेज रेलवे फ्लाईओवर, भोपाल तिराहा, रसूलिया, रसूलिया रेलवे फाटक से होते हुए



रैसलपुर ,पवारखे?ा होते हुए इटारसी, इटारसी जस्तम चौक व इटारसी बाजार क्षेत्र होते हुए साई कृष्णा रिसोर्ट में मतदाता जागरूकता कार रैली का समापन किया गया।

इस अवसर पर लायंस क्लब के समस्त सदस्यों ने बढ़ चलकर उत्साह पूर्वक भाग लिया। जिनमें लगभग 70 कार एवं 50 टू व्हीलर वाहन सम्मिलित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर लायन डीएस डांगी, पेरीफेरी कोऑर्डिनेटर एवं पीएमजेएफ़ अनिल कुमार के विशेष मार्गदर्शन में उपरोक्त कार रैली का संचालन किया गया। लायंस क्लब के अध्यक्ष ला.मुन्नालाल जैन,ललित सोनी ला. हरि सिंह चौहान, पवन शुक्ला , डॉ अतुल सेठा, डॉ जेपी मालवी, पवन शुक्ला , देवेंद्र वर्मा ,राकेश चौहान, डॉ शरद सिसोदिया , राजा जैन, ओम राजपूत, महेश जिनोरिया, भरत यादव, माखानगर क्लब के साथी क्लब अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, सुरेश गुप्ता राजपूतअन्य साथी भी उपस्थित रहे। इटारसी से डॉ राजेश बत्रा, डॉ विजयंत बुरकुड, डॉ गुप्ता, एमजे एफ डॉ शैलेंद्र नेमा, मोहम्मद आदिल फ़ाज़ली, गिरधारी लाल यादव, अंबर सेठा,विनय यादव , आशीष खापरे, पंकज वैद्य ताजेन खान आदि उपस्थित रहे।

## मतदान के पूर्व परिचय पत्र दिखाना अनिवार्य

### बिना परिचय पत्र के नहीं कर सकेंगे मतदान..

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए निर्धारित आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में मतदान के पूर्व मतदाता को अनिवार्य रूप से अपना निर्वाचन पहचान पत्र दिखाना होगा। निर्वाचन आयोग द्वारा दिए आदेश में कहा गया है कि ऐसे मतदाता जो अपना निर्वाचन परिचय पत्र नहीं दिखा पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्न अनुसार एक वैकल्पिक पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा। निर्वाचन पत्र नहीं होने की स्थिति में ऐसे मतदाताओं को आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी किए गए फोटो युक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, यूनिक डीएसबिलिटी आईडी ( यूआईडी ) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के पहचान पत्र दिखाना अनिवार्य होगा।

### आज 5 प्रतिशत अतिरिक्त ईवीएम मशीनों का प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन



## राजनीतिक दलों की उपस्थिति में की गई ईवीएम मशीनों की एफएलसी और मॉकपॉल

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

विधानसभा निर्वाचन के लिए रविवार को कलेक्टर कार्यालय तवा भवन स्थित ईवीएम वेयरहाउस में ईवीएम मशीनों की फर्स्ट लेवल चेकिंग और मॉकपोल की कार्यवाही की गई। संपूर्ण प्रक्रिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में पूर्ण की गई।अब आगे 6 नवंबर को अतिरिक्त 5 प्रतिशत ईवीएम मशीनों की प्रथम सप्लीमेंट्री रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

उल्लेखनीय की भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश अनुसार कुल 130 प्रतिशत वीवीपीएटी , 120 प्रतिशत बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट का रेंडमाइजेशन किया जाना है। पूर्व में 125 प्रतिशत वीवीपीएटी , 115 प्रतिशत बैलेट यूनिट और कंट्रोल यूनिट का रेंडमाइजेशन किया जा चुका हैं। एफएलसी प्रक्रिया के दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी देवेंद्र कुमार सिंह, नोडल एवं कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा कुबेर सिंह मिर्धा , नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर पंकज दुबे, निर्वाचन सुपरवाइजर कैलाश दुबे सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पहले दिन 587 मतदान कर्मियों ने किया मतदान

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए मतदान कर्मियों के डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया 5 नवंबर से प्रारंभ हुई। मतदान कर्मियों की मतदान प्रक्रिया 5 नवंबर से 9 नवंबर तक चारों विधानसभाओं के प्रशिक्षण स्थल पर बनाए गए मतदान सुविधा केंद्र पर संपन्न की जाएगी। हर विधानसभा में 4 डाक मतपत्र मतदान सुविधा केंद्र बनाए गए हैं, जिसमें होशंगाबाद, पिपरिया, सिवनीमालवा और सोहागपुर के मतदान कर्मी मतदान कर सकेंगे।

नोडल डाक मतपत्र एवं सिटी मजिस्ट्रेट नर्मदापुरम संपदा सराफ ने बताया कि पहले दिन 5 नवंबर को कुल 587 मतदान कर्मियों




ने मतदान किया है। होशंगाबाद में 328, पिपरिया में 109, सोहागपुर में 76 और सिवनीमालवा में 74 मतदान कर्मियों ने मतदान किया है।

## कलेक्टर की अध्यक्षता में आरो, एआरओ व पुलिस अधिकारियों की बैठक आयोजित

**विदिशा ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री उमाशंकर भार्गव ने रविवार को पांचो विधानसभाओं के रिटर्निंग व सहायक रिटर्निंग आफीसरों के साथ-साथ पुलिस अधिकारियो की बैठक आयोजित कर उन्होंने जिले की पांचो विधानसभाओं में सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया 17 नवम्बर को शांतिपूर्ण सम्पन्न हो के तमाम प्रबंध सुनिश्चित किए जाएं।



कलेक्टर द्वारा आयोजित इस बैठक में पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समीर यादव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शशि मिश्रा समेत अन्य विभागो के अधिकारी मौजूद रहें। कलेक्टर भार्गव ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए सामग्री वितरण, वापसी, मतदाता पर्ची वितरण व मतदानकर्मियों के द्वारा सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो इसके लिए सेक्टर आफीसरों के अलावा पुलिस व अन्य अधिकारियों को सजग, सतर्क रहना होगा। कलेक्टर भार्गव ने बताया कि मतदाता पर्चियों का वितरण कार्य घर-घर किया जाएगा। जिले की विधानसभाओं की मतदाता पर्चियां शासकीय प्रिन्टिग प्रेस भोपाल से प्राप्त हो रही है।

## मतदाता जागरुकता का संदेश कार रैली से

**विदिशा ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत विदिशा जिले की पांचो विधानसभाओं में मतदान 17 नवम्बर को होगा। जिले के अधिक से अधिक मतदाता मतदान केन्द्रो पर पहुंचकर मतदान करें। मतदान मौलिक अधिकार है। निर्भीक होकर अपने मत का उपयोग करेंगे के प्रति जनजागरुकता के उद्धेश्य से स्वीप गतिविधियों अंतर्गत विविध कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर भार्गव के मार्गदर्शन में संचालित हो रहे है। कलेक्टर श्री भार्गव के द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में एक साथ मतदाता जागरूकता के संदेशो का सम्प्रेषण किया जा रहा है। इसी कडी के तहत हरेक रविवार को विशेष आयोजन जिला व खण्ड मुख्यालयों पर आयोजित किए जाते



है। इस रविवार पांच नवम्बर को मोटर कार रैली रैली के माध्यम से मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया है।

जिला पंचायत सीईओ व स्वीप के जिला नोडल अधिकारी डॉ योगेश भरसट ने मोटर कार रैली को एसएटीआई केम्पस में खाली झंडी दिखाकर रवाना किया। लायन आफ विदिशा के सौजन्य से आयोजित वाहन कार रैली में करीबन 55 वाहन चालको ने सहभागिता निभाई। मोटर कार रैली एसएटीआई से शुरू होकर पीतल मील चौराहा होते हुए माधवगंज पहुंची यहां से तिलक चौक, बडा बाजार, बजरिया, रामलीला चौराहा, विवेकानंद चौराहा, नीमताल गांधी चौक पर राष्ट्रगान से मतदाता जागरूकता रैली का समापन हुआ है। जिला पंचायत सीईओ डॉ भरसट ने मोटर कार रैली में शामिल लायन आफ विदिशा के डिस्ट्रिक गवर्नर सहित अन्य सदस्यों को मतदान करेंगे की शपथ दिलाई। इसके पश्चात कार रैली में शामिल होकर सभी पंक्तिबद्ध रो में रवाना हुए और रास्ते में मतदाता जागरूकता के संदेशो का संप्रेषण किया गया है।

**मेट्रो एंकर**

### मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलट के माध्यम से किया मतदान

# जिले में मतदानकर्मियों का प्रशिक्षण प्रारंभ

**नर्मदपुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिले की चारों विधानसभा क्षेत्र में 5 नवंबर से विधानसभा निर्वाचन के नियुक्त दल के सभी सदस्यों को जिनमें पीठासीन अधिकारी, क्रमांक-एक,दो तथा तीन को संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रदान किया गया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने सोहागपुर और पिपरिया विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर यहां संचालित प्रशिक्षण स्थल एवं मतदान सुविधा केंद्र का का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को मतदान संबंधी सभी बारीकियों के बारे में अच्छे से जानकारी देने के निर्देश रिटर्निंग अधिकारियों को दिए। उन्होंने

### जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह ने सोहागपुर और पिपरिया में प्रशिक्षण स्थल एवं मतदान सुविधा केंद्र का किया निरीक्षण



पिपरिया और सोहागपुर रिटर्निंग अधिकारी कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्देशित किया कि मतदान कर्मियों के डाक मत पत्र से मतदान के संबंध में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का गंभीरता से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित रिटर्निंग अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी मौजूद रहे.प्रशिक्षण में मतदान कर्मियों को ईवीएम मशीन का हैंड्स ओंन प्रशिक्षण भी दिया गया तथा दिखावटी मतदान के बारे में भी बताया गया। ईवीएम मशीन का संचालन की प्रक्रिया मार्कपोल एवं पीठासीन अधिकारी द्वारा घोषणा पत्र तथा रिपोर्ट के फार्म के साथ ही मत पत्र लेखा एवं अन्य विभिन्न प्रपत्रों को भरना भी प्रशिक्षण में बताया गया। प्रशिक्षण पीपीटी के माध्यम से भी दिया गया।0 पीठासीन अधिकारी की पुस्तिका भी प्रदान की गई। जिला पंचायत सीईओ श्री एसएस रावत ने भी प्रशिक्षण स्थल पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण किया। हर विधानसभा के प्रशिक्षण स्थल पर सभी विधानसभा होशंगाबाद , पिपरिया सोहागपुर एवं सिवनी मालवा के कर्मचारियों ने पोस्टल बैलट के माध्यम से मताधिकार का उपयोग किया। प्रशिक्षण के अंत में सभी मतदान कर्मियों से प्रश्न पत्र हल करवाया गया।



### नपा व प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, बस स्टैंड परिसर में गुमटी और फलों को ठेले लगने से यात्री होते परेशान

# असुविधा..... बस स्टैंड में बने दो प्रतीक्षालय का उपयोग नहीं कर पा रहे यात्री

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बस स्टैंड से अतिक्रमण हटाने और सौंदर्य करण को लेकर प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे यहां आने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वर्तमान में बस स्टैंड परयात्रियों के लिए बैठक व्यवस्था के लिए दो यात्री प्रतीक्षालय बने हुए हैं लेकिन अतिक्रमण के कारण यात्री इनका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। एक दर्जन से अधिक यात्री की बसों को यहां खड़ा किया जाता है इसके बावजूद यात्रियों को परेशानियों को सामना करना पड़ता है। बस स्टैंड पर यात्रियों को बैठने और छाया के इंतजाम होने के बावजूद इन सुविधाओं का यात्रियों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। क्योंकि इसके आसपास ठेले एवं अस्थाई अतिक्रमण होने के कारण इस परिसर तक पहुंचकर यात्री बैठ नही पाते है। बस स्टैंड पर तीन दर्जन से अधिक गुमटिया रखकर कारोबार किया जा रहा है वही सब्जी फल के ठेले वाले खड़े रहकर व्यवस्थाएं बिगड़ते हैं जिससे बसों में आने जाने वाले यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



**यात्रियों को पेयजल के लिए सबसे बड़ी समस्या :** बस स्टैंड पर एक सार्वजनिक प्याऊ बना हुआ है जिसमें कभी तो पानी होता है अथवा जब देखो तब सार्वजनिक प्याऊ खाली ही रहता है सफर से उतरे यात्री जब सार्वजनिक प्याऊ की ओर जाकर अपना कंठ गिला करने की सोचते हैं तो उसमें पानी नहीं होता यात्री मजबूरन बस स्टैंड पर लगी दुकानों से पानी पीते हैं या फिर एक बोतल लेकर खरीदना ही पड़ती है जिसका यात्रियों को महंगा दाम चुकाना पड़ता है, जब जाकर यात्री अपनी प्यास बुझाते हैं। वही देखा जाए की पानी की समस्या को लेकर कई बार प्रशासन को अवगत करा चुके हैं थोड़े दिन तो पानी मिलता है इसके बाद स्थिति वही जस की तस बनी हुई हैं।

**अन्य जिलों से आती है सवारिया व्यवस्थाएं देखकर मायूस हो जाते हैं यात्री :** देखा जाए की भोपाल, विदिशा, इंदौर, गुना, राजगढ, अशोकनगर, सागर आदि जिलों से रोज यात्रियों का आना जाना रहता है जब बस स्टैंड की व्यवस्थाएं देखते हैं तो काफी मायूसी रहती है ना तो पानी की व्यवस्था रहती है न बैठने की उचित व्यवस्था है जिससे यात्रियों में भी मायूसी रहती है।

### पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा की कमी को पूरा करने चुनावी समर में उतरी बेटियां

# चाचा उमाकांत के लिए पापा की बेटियां मांग रही वोट

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

**जिस अंदाज में पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा क्षेत्र के लोगो के बीच पहुँचकर वोट अपील करते थे वही अंदाज इन दिनों उनकी गैर मौजूदगी में उनकी बेटियों में झलकता दिखाई दे रहा है। क्षेत्र के जन-जन के नेता और अपने पापा लक्ष्मीकांत शर्मा के न होने पर उनकी कमी को पूरा करने के लिए अब उनकी बेटियां लोगों के बीच जाकर चाचा उमाकांत शर्मा के लिए वोट अपील करती दिख रही है। भाजपा प्रत्याशी उमाकांत शर्मा के लिए एक ओर जहाँ पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोर्चा संभाल रखा है वही अब उनके बड़े भाई लक्ष्मीकांत शर्मा की दो बेटियां भी प्रचार में सक्रिय दिखाई दे रही है।**



## ग्रामीण इलाकों में महिलाओं ने बेटियों को तिलक एवं माला से किया सम्मान

क्षेत्र के नेताओ ओर महिला कार्यकर्ताओ के साथ वह क्षेत्र की उन्नति के लिए अपने पापा के संजोए अधूरे सपनों को पूरा करवाने के लिए ग्रामीण इलाकों में बुजुर्गों ओर महिलाओ से चाचा उमाकांत के लिए श्रद्धासुमन रूपी वोट अपील कर रही है। रविवार को रितु भौरिया सेक्टर में तो राधा गरेठा सेक्टर में सक्रिय रही जहाँ उन्होंने घर घर जाकर माता बहिनों ओर बुजुर्गों से भाजपा को वोट करने की अपील की। वोट अपील के लिए घर-घर में पहुँचने महिलाओं ने जहाँ दोनों बेटियों को तिलक एवं माला पहनाकर सम्मान किया तो वही पुरुष बेटी सम्मान स्वरूप उनके पैर भी पढ़ते दिखाई दिए। इस दौरान जिला पंचायत उपाध्यक्ष दरयाब सिंह कुर्मी, जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनभागीदारी अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव,भैरो सिंह कुर्मी, विष्णु गर्ग, भगीरथ कुर्मी,मोहर सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## मदन मोहन सरकार के दरबार में मनाया जा रहा है कार्तिक महोत्सव

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

नगर के सिद्ध चेतन दरबार मदन सरकार मंदिर पर कार्तिक महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है । सुबह-शाम सरकार की विशेष आरती के साथ ही विभिन्न तरह के पकवानों का और मिष्ठानों का भोग भी श्री सरकार को लगाया जाता है। इसके बाद दीपदान की आरती होती है साथ ही मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नवनीत महाराज के द्वारा कार्तिक मास की कथा का रसपान भी कराया जा रहा है । कार्तिक में व्रत रखकर स्नान करके दीपदान करने का विशेष महत्व बताया गया भगवान श्री नारायण कार्तिक मास में उनकी श्रद्धा भक्ति भाव से पूजा दीपदान आदि करने से प्रसन्न होते हैं । सुबह-शाम विशेष आरती के बाद प्रसादी का वितरण किया जाता है । सभी धार्मिक आयजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण बढ़ चलकर भाग ले रहे हैं।

## डॉ विनोद कुषवाह ने उपेक्षा एवं दुखी होकर छोडी भाजपा कांग्रेस का थामा दामन



**सिरोंज।** जनपद सदस्य के पति डॉ विनोद कुषवाह ने भाजपा छोडकर कांग्रेस का दामन थाम लिया है । श्री कुषवाह ने बातचीत में बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने हर हमेषा मेरी उपेक्षा की है जिससे मैं दुखी एवं आहत होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है । भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने मेरी हमेषा अनदेखी की है वही कांग्रेस से प्रत्याषी गगनेन्द्र रघुवंषी से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ली है ।

## ट्रेनिंग सेंटर पर ही बैलेट पेपर से, 7 से लेकर 9 तक मतदान कर्मी डाल सकेंगे अपना वोट

**सिरोंज।** विधानसभा चुनाव में ड्यूटी में लगे अधिकारी कर्मचारियों को अपना मत पत्र डालने के लिए प्रशिक्षण केंद्र पर ही डालने की व्यवस्था की गई है। पहले डाक मत पत्र डालते थे और डाक से इनको भेजा जाता था जिससे कम संख्या में ही वोट मतदान कर्मियों के डाल पाए थे । इस व्यवस्था से मतदान प्रतिशत भी मतदान में लगे अधिकारी कर्मचारियों का बढ़ेगा। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 7 नवंबर से लेकर 9 नवंबर तक ड्यूटी में लगे 1200 से अधिक मतदान कर्मी अपने मताधिकार का प्रयोग बेल्ट पेपर के माध्यम से कर सकेंगे इसके लिए दोपहर 1 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक एलबीएस कॉलेज के प्रशिक्षण केंद्र पर निर्धारित कक्षा में मत डालने की प्रक्रिया चलेगी वहीं निर्वाचन अधिकारी हरषल चौधरी ने बताया कि मतदान कर्मियों को इस बार अपना वैलेट पेपर से मत डालने के लिए प्रशिक्षण पर ही व्यवस्था की गई है नहीं तो पहले डाक मत पत्र डालते थे। जिनकी संख्या कम होती थी इनका पहुंचने में भी समय लग जाता था। इसके बाद 10 नवंबर से 80 साल से ऊपर वाले बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनो के लिए अभियान चलाया जाएगा। इनके घर-घर मतदान दल पहुंचेगी और इनका वोट डलवाएगा।

**मेट्रो एंकर** अनियंत्रित होकर केथन डैम के नीचे वाली पुलिया के मोड पर पलटा

# आलू से भरा ट्रक पलटा बड़ी दुर्घटना टली

**सिरोंज,दोपहर मेट्रो**

**गुना से तहसील की और आ रहे आलू से भरा ट्रक का अनियंत्रण होकर केथन डैम के नीचे वाली पुलिया के मोड पर पलट गया गनीमत रहेगी इसमें कोई हतहत नहीं हुआ नहीं तो बड़ी जनहानि भी हो सकती थी क्योंकि इस मार्ग पर यातायात का दबाव रहता है।**



साथ ही अंधा मोड़ है तेज गति से वाहनों के आने-जाने के दौरान कई बार छोटी बड़ी दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है। लोगों का कहना है कि यहां का मोड ज्यादा घुमावदार हैं इसकी वजह से लगातार यहां पर घटनाएं घटित होती है। इसके बाद भी यातायात पुलिस प्रशासन के द्वारा इन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए समय रहते कोई ठोस प्रयास नहीं किया जा रहे हैं। किसी दिन ज्यादा बड़ी जनहानि होने के बाद ही शायद जिम्मेदार कुंभकरण की नींद में से जागेंगे दूसरी ओर ट्रक के चालक और क्लियर को चोटें आई हैं । वही आलू से भरी बोरियों को ले जाने का काम भी किया गया क्योंकि पुल के नीचे भी आलू की बोरियां गिर गई थी।

## नवागत बीएमओ का मैदानी अमले ने किया जोरदार स्वागत



**सिरोंज ।** षासकीय राजीव गांधी में नवागत बीएमओं विकास सिंह बघेल ने प्रभार लेने के बाद मैदानी अमले ने उनका जोरदार स्वागत किया है । तत्कालीन बीएमओं अमित भैदिया अपनी पीजी की पढाई के लिए चले गये है इस लिए बीएमओं का पद रिक्त हो गया था इसलिए बीएमओं का प्रभार विकास सिंह बघेल को मिल गया है । वही बीएमओं ने कहा कि सब मिलजुलकर कार्य करे जहां परेषानिया आ रही है उनका निराकरण किया जाएगा । मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का विषेष ध्यान रखा जाएगा । इस दोरान एएनएम एमपीडब्लू एमपीएस आषा सुपरवाईजर उपस्थित रही ।



# भारत की लगातार 8वीं जीत, पॉइंट्स टेबल में 16 पॉइंट्स के साथ टॉपर

**कोलकाता, एजेंसी**

भारत के विराट कोहली ने अपने जन्मदिन को खास बनाया। उन्होंने कोलकाता में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाया और पूरे देश को वर्ल्ड कप में जीत का तोहफा दिया। वनडे करियर में यह उनका 49वां शतक रहा। जिस तरह के फॉर्म में इस वक्त वो लग रहे हैं, वह टूर्नामेंट में ही 50वां वनडे शतक भी लगा सकते हैं। विराट अपनी फिटनेस का भी खूब ध्यान रखते हैं, जिस कारण वह अभी करीब 3 से 4 साल तक और क्रिकेट खेल सकते हैं। यानी वह वनडे में सचिन तेंदुलकर के 49 शतकों के रिकॉर्ड से काफी आगे निकल सकते हैं। इतना आगे जहां तक शायद दुनिया का कोई और बल्लेबाज पहुंच भी नहीं सके। यानी विराट कोहली का रिकॉर्ड टूटना लगभग नामुमकिन है। ऐसा इसलिए, क्योंकि मॉडर्न-डे क्रिकेट में इस रिकॉर्ड तक पहुंचने का दमखम रखने वाले बहुत कम खिलाड़ी नजर आ रहे हैं।




## सेमीफाइनल में नंबर-4 टीम से होगा सामना

## हर छठी पारी में वनडे शतक लगाते हैं विराट

टीम इंडिया हर साल औसतन 22 से 25 वनडे खेलती है। 35 साल के विराट की फिटनेस को देखते हुए लगता है कि वह 2027 का वर्ल्ड कप भी खेल सकते हैं। ये टूर्नामेंट फरवरी-मार्च के दौरान खेला जाएगा, तब तक विराट की उम्र 38 साल रहेगी। विराट अगर यहां तक क्रिकेट खेल गए तो वह टीम के साथ करीब 90 से 100 मैच खेल सकते हैं। हालांकि पिछले 2-3 सालों में विराट को आराम ज्यादा दिया जाने लगा है, ऐसे में वह 2027 तक करीब 55 से 60 वनडे ही खेलते नजर आ रहे हैं। हां, अगर विराट किसी फॉर्मेट से रिटायरमेंट ले लें तो जरूर उनका फोकस पूरी तरह से वनडे पर ही हो सकता है। विराट वनडे क्रिकेट में औसतन हर छठी पारी में संेचुरी लगा देते हैं। फिफ्टी तो वह हर तीसरी पारी में ही लगा देते हैं। यानी अगर विराट साल 2027 तक करीब 60 वनडे में भी खेले तो उनकी संेचुरी का आंकड़ा 49 से बढ़कर 60 तक पहुंच जाएगा।

## 174 कम पारियों में ही 49वां शतक

कोलकाता के ईडन गार्डन्स स्टेडियम में विराट बैटिंग करने उतरे तो उनके मन में पिछले तीन 85+रन के स्कोर घूम रहे थे। विराट ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 85, न्यूजीलैंड के खिलाफ 95 और श्रीलंका के खिलाफ 88 रन पर आउट होने के कारण वर्ल्ड कप में संेचुरी बनाने से चूक गए थे। लेकिन साउथ अफ्रीका के खिलाफ उन्होंने इस जिंक्स को तोड़ा और 119 बॉल पर शतक लगा दिया, जो उनके वनडे करियर का 49वां शतक रहा। सचिन तेंदुलकर ही 49 शतकों तक पहुंच सके हैं, जिन्होंने इस मुकाम तक पहुंचने के लिए कोहली से 174 पारियां ज्यादा ली थीं। सचिन ने अपनी 451वीं पारी में बांग्लादेश के खिलाफ 49वां वनडे शतक लगाया था।

## मिली ढेरों बधाई

### सचिव बोले - जल्दी मेरा रिकॉर्ड तोड़ो

मुंबई, एजेंसी। विराट कोहली ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे करियर का 49वां शतक लगाया। उन्होंने इस फॉर्मेट में क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर की बराबरी की। संेचुरी लगाते ही सोशल मीडिया पर कोहली को बधाईयां मिलने लगी। सचिन तेंदुलकर ने कहा कि, जल्दी मेरा रिकॉर्ड तोड़ दो। कोहली के 49वें शतक पर सचिन तेंदुलकर ने मजाकिया लहजे में लिखा- मैं इसी साल 50 साल का हुआ हूं और मुझे 49 से 50 तक पहुंचने में 365 दिन तक गए। मुझे उम्मीद है कि आप 49 से 50 का सफल अगले कुछ दिनों में तय कर लेंगे। वहीं
अनुष्का शर्मा के इंस्टाग्राम पर लिखा कि, विराट ने अपने बर्थडे पर संेचुरी का तोहफा खुद को दिया है। भारत के दिग्गज बल्लेबाज विरेंद्र सहवाग ने कहा कि, एक महान व्यक्ति के सर्वाधिक वनडे शतकों के रिकॉर्ड की बराबरी करने के लिए आज का दिन बेस्ट है। ऐतिहासिक ईडन गार्डन्स में जन्मदिन के साथ ऐसा शतक शानदार है। विराट के रगों में 100, दिल में भारत बसता है। पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने कहा कि,जन्मदिन और सौ एक साथ, शाबाश भाई, शानदार पारी। अपने दिन का आनंद लें, अल्लाह आपको हमेशा आशीर्वाद दे। भारत के पूर्व क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि, वनडे बल्लेबाजी की नब्ज को कोहली जैसा कोई नहीं समझ पाया है. रन मशीन व टन मशीन कोहली के नाम 49 शतक हैं। जन्मदिन मनाने का यह कैसा तरीका है। बहुत खूब। पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा कि,समय आता है,तब राजा आता है। विराट की संेचुरी नंबर 49 युगों-युगों तक याद रखी जाएगी।

## पॉइंट्स टेबल की स्थिति

### साउथ अफ्रीका टेबल में नंबर 2 पर, अभी उसके 12 पॉइंट्स

पॉइंट्स टेबल की टॉप-2 टीमें यानी भारत और साउथ अफ्रीका के बीच मैच खेला गया। जिसे भारत ने 243 रन से जीत लिया। विराट कोहली के 49वें शतक से भारत ने 326 रन का बड़ा स्कोर बनाया। जिसे साउथ अफ्रीका चेज नहीं कर सकी और सिर्फ 83 रन पर ऑल आउट हो गई। 16 पॉइंट्स के साथ भारत अभी टेबल टॉपर है। इंडिया ने 8 मैच खेले और सभी में जीत हासिल की। भारत को अभी 1 मैच और खेलना है। साउथ अफ्रीका टेबल में नंबर 2 पर है। उसने 8 मैच खेले और 6 जीते हैं। उसके 12 पॉइंट्स हैं। उसे 1 मुकाबला और खेलना है। पॉइंट्स टेबल में तीसरी पोजिशन पर ऑस्ट्रेलिया है। 7 में से 5 मैच जीतने के बाद उसके 10 पॉइंट्स हैं। ऑस्ट्रेलिया को 2 मैच और खेलने हैं। न्यूजीलैंड नंबर 4 पर है। उसके 8 पॉइंट्स हैं। न्यूजीलैंड ने 8 में से 4 मैच जीते हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के भी 8-8 पॉइंट्स हैं। लेकिन बेहतर नेट रन रेट की वजह से न्यूजीलैंड इन दोनों टीमों से आगे हैं।

## इंडिया का अगला मैच नीदरलैंड से होगा

टीम इंडिया अब टेबल के टॉप पर ही रह सकती है। 8 में से 8 मुकाबले जीतकर भारत के 16 पॉइंट्स हैं। इंडिया का अगला मैच नीदरलैंड से है, जो लीग स्टेज में उसका आखिरी मैच है। साउथ अफ्रीका दूसरी पोजिशन हासिल कर चुकी है। वो आखिरी मैच जीतकर भी पहली पोजिशन पर नहीं पहुंच सकती। अगर साउथ अफ्रीका अपने आखिरी मैच में जीत भी जाए तो उसके 14 पॉइंट्स ही होंगे। चौथी पोजिशन की रेस के 3 दावेदार हैं। भारत पॉइंट्स टेबल में नंबर 1 पर रहेगा। ऐसी कंडीशन में उसका सामना टेबल में नंबर 4 की टीम से होगा। न्यूजीलैंड 8 पॉइंट्स के साथ बनी हुई है। उसका अभी 1 मैच श्रीलंका के खिलाफ बाकी है, लेकिन न्यूजीलैंड के अलावा चौथे नंबर की रेस में पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी हैं।

## बाबर और शुभमन में विराट के रिकॉर्ड तोड़ने की क्षमता?



बाबर 116 मैचों में ही 19 वनडे शतक लगा चुके हैं। वह सबसे तेजी से 5 हजार रन बनाने वाले बैटर हैं और उन्होंने इसी साल जनवरी में इस रिकॉर्ड को अपने नाम किया। इस रिकॉर्ड लिस्ट में विराट कोहली चौथे नंबर पर हैं। 29 साल के बाबर इस वर्ल्ड कप में 3 ही फिफ्टी लगा सके हैं और आईसीसी के वनडे टूर्नामेंट में उनके नाम एक ही शतक है। बाबर के 19 में से 12 शतक पाकिस्तान या ्श्व में आए, यानी कि 63.16 फीसदी संेचुरी उन्होंने होम ग्राउंड पर ही लगाई। दूसरी ओर विराट के महज 47 फीसदी शतक घरेलू मैदान पर आए और बाकी 53 फीसदी शतक विदेश में बने। रिकॉर्ड से तो साफ है कि बाबर में रन बनाने और शतक लगाने की भूख जरूर है। लेकिन अगले 10 सालों में आईसीसी के ज्यादातर टूर्नामेंट विदेश में ही होंगे।

## शुभमन ने विराट, हाशिम अमला को भी पीछे छोड़ा



शुभमन गिल इस साल वनडे क्रिकेट में 5 शतक लगा चुके हैं। 24 साल के शुभमन ने 38 पारियों में ही ऐसा कर दिखाया और बाबर, विराट समेत साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला को भी पीछे छोड़ दिया। शुभमन ने अपना करियर अभी शुरू ही किया है और इसी तरह का फॉर्म उनका जारी रहा तो वह देश के लिए तीनों फॉर्मेट में आगे करीब 15 सालों तक क्रिकेट खेलेंगे। इतने सालों में उनके पास विराट से आगे निकलने का भरपूर रहेगा। लेकिन उनके आड़े बस वनडे क्रिकेट का फॉर्मेट आ रहा, इसके 15 सालों तक टिकने के आसार लग नहीं रहे। शुभमन को महज 7 से 11 मैच हर 4 साल में खेलने को मिलेंगे, जो कि वनडे शतकों की हाफ संेचुरी लगाने के लिए काफी नहीं है।

### झारखंड वीमेंस एशियन चैंपियनशिप ट्रॉफी

# सात साल बाद भारत फिर बना विजेता, जापान को चार गोल से दी मात

**रांची, एजेंसी**

झारखंड की मेजबानी में आयोजित वीमेंस एशियन चैम्पियनशिप ट्रॉफी का विजेता भारत बना। भारत को विजेता बनाने में झारखंड की बेटियों का बड़ा योगदान रहा। मैच के आंकड़े के मुताबिक संगीता ने छह गोल मारे हैं, जबकि सलीमा टेटे ने चार गोल अब तक के मैचों में किया है। जापान के साथ आज खेले गए फाइनल मैच की शुरुआत भी भारत ने अटैकिंग मोड में किया। हालांकि मैच के पहले क्वार्टर तक दोनों ही टीमों के बीच गोल को लेकर संघर्ष चलता रहा।

पहले क्वार्टर की समाप्ति पर दोनों ही टीमों में से किसी ने गोल नहीं किया। दूसरे क्वार्टर की शुरुआत होते ही 17 वें मिनट में भारत की संगीता कुमारी ने पहला गोल दागा। इसके बाद दूसरा गोल मैच के चौथे क्वार्टर के 46वें मिनट में नेहा ने मारा। यह पेनाल्टी कॉर्नर से लिया गया गोल था। वहीं तीसरा गोल 57वें मिनट में सियामी लरेम ने मारा। चौथा गोल 60वें मिनट में वंदना कटारिया ने मारा। प्लेयर ऑफ द मैच दीप ग्रेस एक्का और संगीता कुमारी को राइजिंग स्टार के खिताब से सम्मानित किया गया। मैच के शुभारंभ के मौके पर झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

### आज नईदिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला, बांग्लादेश से अब तक नहीं हारे

# श्रीलंका के पास सेमीफाइनल क्वालिफिकेशन का मौका

**नईदिल्ली, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप 2023 का 38वां मुकाबला आज श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो चुकी बांग्लादेश जीत हासिल कर 2025 में होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए क्वालिफाई करना चाहेगी। वहीं सेमीफाइनल की रेस में बने रहने के लिए श्रीलंका को हर हाल में जीत चाहिए। हारने की स्थिति में टीम वर्ल्ड कप से बाहर हो जाएगी। श्रीलंका सात मैच में दो जीत के साथ 4 पॉइंट्स लेकर पॉइंट्स टेबल में सातवें स्थान पर है। वहीं, बांग्लादेश के सात मैच में एक जीत के साथ 2 पॉइंट्स हैं और वो 9वें नंबर पर है। वनडे वर्ल्ड कप में दोनों के बीच अब तक कुल चार मैच खेले गए। तीन में श्रीलंका को जीत मिली। जबकि एक मैच बारिश के कारण बेनतीजा भी रहा।




### महमूदुल्लाह रियाद ने सबसे ज्यादा रन बनाए

इस वर्ल्ड कप में बांग्लादेश की ओर से महमूदुल्लाह रियाद ने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने छह मैचों में 274 रन बनाए हैं। उनके नाम एक शतक और अर्धशतक है। वहीं बॉलिंग में मेहदी हसन मिराज ने सबसे ज्यादा 9 विकेट लिए हैं। सदीरा समरविक्रमा ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 331 रन बनाए हैं। वह टीम की ओर से टूर्नामेंट के टॉप रन स्कोरर हैं। उनके नाम 7 मैचों में एक शतक है।



## मेट्रो बाजार

# बायजू ने कहा, फाइनेंशियल ईयर ने हमें बहुत कुछ सिखाया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

एजुकेशन-टेक्नोलॉजी कंपनी बायजूस को खत्म हुए वित्त वर्ष में 2,250 करोड़ रुपए का घाटा हुआ है। जबकि एक साल पहले कंपनी को 2406 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। हालांकि, कंपनी की इनकम 1,552 करोड़ से बढ़कर 3,569 करोड़ हो गई रही। बायजूस ने इसके बारे में जानकारी दी है। फाइनेंशियल रिजल्ट जारी करने में देरी सहित कई अन्य कारणों से कंपनी रेगुलेटरी जांच के घेरे में है। बायजू रवींद्रन ने कहा, उठापटक से भरे फाइनेंशियल ईयर 2022 ने हमें बहुत कुछ सिखाया है। इस साल हमने 9 एक्विजिशन किए हैं, जो दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी भारत में एजुकेशन टेक्नोलॉजी की पोटेंशियल को हाइलाइट करता है। कोरोना महामारी के बाद दुनिया में बहुत कुछ बदला है, यह हमें बहुत कुछ सिखा गया है। आने वाले सालों में बायजू सस्टेनेबल और प्रॉफिटेबल ग्रोथ के साथ आगे बढ़ेगा। साल 2011 में रवींद्रन ने थिंक एंड लर्न नाम से अपनी एडटेक कंपनी की शुरुआत की थी। इसी साल अप्रैल में प्रवर्तन निदेशालय ने बेंगलुरु स्थित बायजूस के तीन ऑफिस में छापेमारी की थी। अधिकारियों ने तलाशी के दौरान आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल डेटा जब्त किया थे। जांच एजेंसी के अनुसार, कंपनी को 2011 और 2023 के बीच 28,000 करोड़ रुपए का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मिला है। इसके अलावा कंपनी ने भी स्नष्ठढ्ढ के नाम पर पैसा अलग-अलग देशों में भेजा। हाल ही में केंद्र सरकार ने बायजूस की अकाउंट बुक्स की जांच के आदेश दिए थे। इस जांच




## म्यूचुअल फंड: पुराने फंड्स में 3 गुना से ज्यादा निवेश

**मुंबई, एजेंसी।** छोटी कंपनियों के शेयर इस महीने भले ही बिकवाली के दबाव में हैं, लेकिन अगस्त में सबसे ज्यादा निवेश स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड में ही हुआ। मल्टीकैप फंड दूसरे और सेक्टोरल या थीमैटिक फंड तीसरे नंबर पर रहे। पुराने फंड यानी न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) से इतर निवेश अगस्त में 15,200 करोड़ रुपए का रहा। इसके मुकाबले जुलाई में पुराने फंड्स में 4,600 करोड़ लगाए गए थे। दरअसल पहले से चल रहे फंड्स के रिटर्न का ट्रैक रिकॉर्ड होता है, जबकि एनएफओ के प्रदर्शन को लेकर अनिश्चितता बनी रहती है। स्मॉल-कैप म्यूचुअल वैसे फंड होते हैं, जो छोटी कंपनियों में निवेश करते हैं। यानी ऐसी कंपनियां जिनके शेयरों की वैल्यू काफी कम है। इन्हें हम स्मॉलकैप कंपनियां कहते हैं। मार्केट कैप के लिहाज से शेयर बाजार की शीर्ष 250 कंपनियों को छोड़कर बाकी में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड निवेश करते हैं। स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड अपने निवेश की रकम का 65त्न तक छोटी कंपनियों में लगाते हैं। इसके बाद बची 35त्न रकम को फंड मैनेजर मिड या लार्ज कंपनियों के शेयरों में निवेश करते हैं। पिछले साल अगस्त के मुकाबले बीते महीने स्मॉल-कैप फंड्स का एसेट अंडर मैनेजमेंट सबसे ज्यादा 61त्न बढ़ा।




## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# पूनम दिल्लन को जब यश जी कहा- 'ऑल द बेस्ट, कुड़िए'



एक्ट्रेस पूनम ढिल्लन ने 1978 में फिल्म 'त्रिशूल' से बॉलीवुड में ड्रीम डेब्यू किया था। फिल्म में उनके अपोजिट अमिताभ बच्चन, संजीव कुमार, शशि कपूर, राखी और हेमा मालिनी जैसे दिग्गज कलाकार थे। फिल्म में पूनम ने संजीव कुमार की टीनएज बेटी का रोल प्ले किया था। जब पूनम इस फिल्म की शूटिंग कर रही थीं तब वे मात्र 16 साल की थीं। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने अपना पहला शूटिंग एक्सपीरियंस शेयर किया। सेट पर पहले दिन उनका पहला सीन अमिताभ बच्चन के साथ था। पूनम ने कहा, 'मेरा पहला सीन था जिसमें मेरा एक्सीडेंट हो जाता है और अमिताभ बच्चन मुझे गोद में उठाकर ले जाते हैं। किसी ने यह महसूस नहीं किया कि यह मेरा पहला दिन था और मैं इतने बड़े एक्टर्स के साथ शूट कर रही थी। अमिताभ मुझे बाहों में उठाकर शूट कर रहे और मुझे प्रॉप की तरह ट्रीट कर रहे थे।' पूनम ने आगे बताया, 'फाइनली जब सीन खत्म हुआ तो अमिताभ ने मुझे नीचे उतारा और सभी लोग अगला सीन शूट करने निकल गए। सिर्फ डायरेक्टर यश चोपड़ा ने महसूस किया कि यह मेरे करियर का पहला शॉट था। वो मेरे पास आए और बोले- ऑल द बेस्ट, कुड़िए..।' इंटरव्यू में पूनम ने एक और किस्सा शेयर किया। उन्होंने बताया कि फिल्म की शूटिंग दिल्ली में हो रही थी। सेट पर हजारों लोग इकट्ठा हो गए। भीड़ में से एक महिला मेरे पास आई और उसने मुझसे पूछा कि अमिताभ बच्चन की बाहों में रहकर कैसा फील हुआ? मैंने उसे जवाब दिया कि मैं डरी हुई और नर्वस थी इसलिए महसूस नहीं कर पाई।'

# फैंस के साथ टीम अप करना चाहेंगी अभिनेत्री सामंथा



हॉलीवुड के मशहूर मार्वल स्टूडियोज की अगली फिल्म 'द मार्वल्स' 10 नवंबर को रिलीज होने वाली है। हाल ही में साउथ की एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने हैदराबाद में इंडियन फैंस के लिए इसका एक एक्सक्लूसिव वीडियो रिलीज किया है। इस मौके पर सांमथा ने फैंस से बात करते हुए प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट, अल्लू अर्जुन और विजय का जिक्र भी किया। इवेंट में सामंथा ने फिल्म से जुड़ा एक वीडियो शेयर करने के अलावा फैंस से बात भी की। दरअसल इवेंट में जब होस्ट ने सामंथा से पूछा कि वह कौन सी चीज थी जो आपके लिए सबसे खास थी? तो एक्ट्रेस ने जवाब दिया- स्ट्रॉन्ग वुमन। वहीं अगला सवाल था कि अगर सामंथा को एक दिन के लिए किसी एवेंजर का साथ मिले तो वो दुनिया को बचाने के लिए किसके साथ मिलकर काम करेंगी? सामंथा ने कहा कि वो अपने फैंस के साथ टीम अप करना पसंद करेंगी। वहीं जब होस्ट ने पूछा कि अगर टीम अप करने के लिए फिल्म इंडस्ट्री से किसी को बुलाना हो तो किसे बुलाएंगी? इस पर सामंथा ने अल्लू अर्जुन, विजय, प्रियंका चोप?ा और आलिया भट्ट जैसे सेलेब्स का नाम लिया। सामंथा ने इस मौके पर यह भी बताया कि कैप्टन मार्वल उनकी फेवरेट सुपरहीरो हैं। फिल्म 'द मार्वल्स' में एक-दो नहीं बल्कि तीन सुपरवुमन एक साथ नजर आएंगे।

## रणदीप और लिन इस महीने के अंत तक शादी के बंधन में बंध जाएंगे



इंडस्ट्री में चर्चा है कि बॉलीवुड एक्टर रणदीप हुड्डा जल्द ही अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड लिन लैशराम से शादी करने वाले हैं। दोनों इस महीने के अंत तक एक इंटीमेट सेरेमनी में शादी के बंधन में बंध जाएंगे। रणदीप और लिन बीते काफी वक्त से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। रणदीप और लिन बीते काफी वक्त से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो इस शादी में सिर्फ दोनों के फैमिली मेंबर्स और फ्रेंड्स ही शामिल होंगे। यह शादी मुंबई में नहीं होगी। रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि कपल के क्लोज मेंबर्स इस बारे में जानते हैं पर इस बारे में डिस्कस नहीं करना चाहते। दोनों प्राइवेट सेरेमनी में शादी करने के बाद इसे लेकर अनाउंसमेंट करेंगे। 47 साल के रणदीप बीते काफी वक्त से 37 साल की लिन को डेट कर रहे हैं। हालांकि दोनों ने अभी तक इस बारे में खुलकर बात नहीं की है पर 2021 में लिन के बर्थडे पर रणदीप ने इस बारे में हिंट दी थी। पिछले साल दोनों ने साथ में दिवाली भी सेलिब्रेट की थी। इसके बाद से दोनों अक्सर सोशल मीडिया पर एक दूसरे के साथ तस्वीरें शेयर करते हैं। लिन, रणदीप की फैमिली ट्रिप और फैमिली फंक्शन में भी उनके साथ नजर आती हैं।

# पूर्व मंत्री के बेटे के ड्राइवर पर तलवार से हमला, तीन हमलावरों ने मारी तलवार

## दानापानी रोड पर अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट से कुछ दूरी पर कार सवार तीन बदमाशों ने की वारदात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित दानापानी रोड पर अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट के पास कार सवार 3 लोगों ने कांग्रेस के पूर्व के बेटे के ड्राइवर पर तलवार से हमला कर दिया। ड्राइवर को पैर में गंभीर चोट आई है। हैरानी की बात तो यह है कि ड्राइवर आरोपियों को जानता ही नहीं है और उसका किसी बात को लेकर आरोपियों से विवाद भी नहीं हुआ था। ड्राइवर का कहना है कि वह स्कूटर खड़ी कर सड़क किनारे पेशाब कर रहा था, तभी आरोपियों ने मारपीट कर दी। पुलिस ने हत्या के प्रयास का प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। एएसआई बहादुर सिंह पटेल ने बताया कि महेंद्र सिंह मीणा ( 38 ) बागमुगलिया, थाना बागसेवनिया क्षेत्र में रहते हैं। वे कांग्रेस के पूर्व मंत्री स्वर्गीय हजारी लाल रघुवंशी के बेटे प्रीतम सिंह रघुवंशी की कार चलाते हैं। महेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि रविवार रात करीब 11 बजे के आसपास वे प्रीतम सिंह को कान्हा टावर उनके निवास पर छोड़कर आएड़थे। इसके बाद उन्होंने कार पार्किंग में खड़ी की और अपनी स्कूटर से घर जाने के लिए निकल गए। कान्हा टावर से निकलने के बाद अन्नपूर्णा रेस्टोरेंट के पास वे रुके और स्कूटर खड़ी कर पेशाब करने लगे। इसी बीच एक कार आकर रुकी और उसमें बैठे तीन लोग उतरकर आए। बिना किसी वजह के कार में बैठे तीन व्यक्ति गालीगलौज करने लगे और मारपीट शुरू कर दी। महेंद्र सिंह ने उनका विरोध किया और एक व्यक्ति को लात मारी थी। इस पर नाराज दूसरे व्यक्ति ने तलवार से महेंद्र सिंह पर हमला कर दिया। तलवार महेंद्र सिंह के पैर में लगी थी। पैर में तलवार लगने से उन्हें गंभीर चोट आई है। घटना की जानकारी उन्होंने मालिक प्रीतम सिंह को दी थी। प्रीतम सिंह उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे और पुलिस को शिकायत की। आज सुबह पुलिस आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज करते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# तेज रफ्तार बोलेरो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, सास-बहू की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित खेजड़ा मिश्र गांव में रविवार शाम तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने बाइक सवार सास- बहू को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चला रहा युवक भी घायल हुआ है। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था, वहां डॉक्टर ने सास-बहू को मृत घोषित कर




दिया। जबकि युवक का इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिए है। आज पीएम के बाद परिजन को शव सौंपे जाएंगे। पुलिस के अनुसार विपता बाई जाटव पति सौदान सिंह जाटव ( 35 ) खेजड़ा मिश्र, तहसील बैरसिया में रहती थी। वह गृहणी थी। रविवार शाम वह अपने भतीजे राहुल जाटव और सास भोलाबाई उर्फ पान बाई जाटव ( 55 ) के साथ बैरसिया मार्केट गई थी। वहां से तीनों खरीदारी कर अपने घर लौट रहे थे। खेजड़ा मिश्र जोड़ पर पहुंचते ही शाम करीब साढ़े पांच बजे के आसपास बैरसिया से श्मशाबाद की तरफ जा रही सफेद रंग की बोलेरो जीप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार राहुल, विपता बाई और पान बाई बाइक के साथ काफी दूर तक घिसटाएं थे। सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने विपता बाई और पान बाई को मृत घोषित कर दिया।

### भैरोपुरा गांव में हुई दुर्घटना, चालक मौके पर ऑटो छोड़कर भाग निकला

# बैट्री ऑटो पलटा, करीब दस मीटर तक घिसटने से दबे बुजुर्ग की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित भैरोपुरा गांव में रविवार दोपहर तेज रफ्तार बैट्री ऑटो पटल गया। तेज रफ्तार में पलटने के कारण आटो करीब दस मीटर तक घिसटा था। ऑटो और सड़क के बीच आने के कारण बुजुर्ग के सिर में गंभीर चोट थी। उन्हें हमीदिया अस्पताल ले जाया गया, वहां कुछ ही देर बाद डॉक्टर ने बुजुर्ग को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है। दरअसल, हादसे के बाद आरोपी आटो चालक मौके पर आटो छोड़कर भाग निकला था।

थाना प्रभारी दुर्जन सिंह ने बताया कि कल्याणपुरा निवासी लीलाकिशन सेहरिया ( 60 ) मजदूरी करते थे। रविवार दोपहर करीब दो बजे वह ईंटखेड़ी से अपने गांव जाने के लिए बैट्री ऑटो में सवार हुए थे। आटो चालक कल्याणपुरा जा रहा था। भैरोपुरा के पास पहुंचते ही गांव की सड़क पर आटो पलट गया। जिस समय आटो पलटा उस समय आटो रफ्तार में था और करीब दस मीटर तक घिसटता हुआ गया। आटो के पलटने और घिसटने के कारण आटो में बैठे लीलाकिशन के सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, वहां शाम करीब चार बजे के आसपास उनकी मौत हो गई।



## वाहन ने बाइक सवार किसान को मारी टक्कर, मौत

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित खीचीताल, कन्हेरा टर्न पर शनिवार रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार किसान को टक्कर मार दी। गांव से कुछ ही दूरी पर हुए हादसे की जानकारी लगते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल ले गए थे। अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान किसान की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस टक्कर मारने वाले वाहन चालक की तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार करण सिंह लोधी पिता राजाराम लोधी (50) करोंद खुर्द, ईंटखेड़ी में रहते थे और किसान थे। शनिवार को वह भोपाल खरीदारी करने के लिए आए थे। खरीदारी कर रात करीब सवा आठ बजे के आसपास अपने गांव से कुछ दूरी पर कन्हेरा टर्न पर पहुंचे ही थे कि किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इसी बीच वहां से करण सिंह के परिचित का गुजरना हुआ और उन्होंने परिजन को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे और प्राइवेट वाहन से करण सिंह को हमीदिया अस्पाल लाए थे। हमीदिया अस्पताल में इलाज के दौरान देर रात करण सिंह की मौत हो गई। मामले की जांच कर रहे प्रधान आरक्षक रईश खान ने बताया कि हादसे में करण सिंह को सिर में गंभीर चोट थी।

## सड़क हादसे में किसान की मौत, 15 फीट घिसटती गई बाइक, टर्निंग पर तेज रफ्तार वाहन हुआ स्लिप

ईटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित निपानिया जाट और कनेरा गांव के बीच मेनरोड पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में बाइकसवार किसान की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। घटनास्थल पर करीब 15 फिट वाहन के घिसटने के निशान सड़क पर मिले हैं। किसान के एक तरह का चेहरा ाी घिसटने से बुरी तरह ज मी हुआ है। पुलिस ने मर्ग कायम कर त तीश शुरू कर दी है। थाना प्र ाारी दुर्जन सिंह के मुताबिक ग्राम करोंद खुर्द ईटखेड़ी निवासी करण सिंह लोधी (50) खेती-किसानी करते थे। शनिवार रात करीब 8 बजे वह ग्राम निपानिया जाट से ग्राम कनेरा की ओर मोटरसाइकिल से जा रहे थे। उसी दौरान हरिसिंह के खेत के सामने उनका वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वहां से गुजरने वाले दूधवाले ने उनके भतीजे गोवर्धन को सूचना दी थी। गोवर्धन ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को जानकारी दी। थाना प्रभारी ने कहा कि मौके पर पहुंचकर फौरन करण सिंह लोधी को भानपुर स्थित पीपुल्स अस्पताल भेजा गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस का अनुमान है कि गाड़ी की र तार अधिक रही होगी। टर्निंग पर मुड़ते समय वाहन अनियंत्रित होकर स्लिप हुआ होगा। सड़क पर गाड़ी करीब 15 फिट दूर तक घिसटी है। इससे प्रतीत होता है कि वाहन की गति काफी अधिक रही होगी। खेत मालिक हरि सिंह ने पुलिस को बताया कि उन्हें तेज ब्रेक लगने की आवाज आई थी लेकिन उन्होंने वहां जाकर नहीं देखा था कि क्या हुआ है।

## प्रिंटिंग प्रेस में सामान खाली करने आए ट्रक से हुआ था एक्सीडेंट, इंदौर में मालिक से किया संपर्क, जल्द होगी कार्रवाई

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित औद्योगिक क्षेत्र में रूची कलारी से कुछ दूरी पर सौम्या क्लीनिक के पास चार दोस्तों को रौंदने वाले ट्रक का सुराग पुलिस ने लगा लिया है। पुलिस को घटनास्थल पर एक सीसीटीवी फुटेज मिला था। फुटेज में केवल ट्रक निकलता हुआ नजर आया था। हालांकि हादसा सीसीटीवी फुटेज में कैद नहीं हुआ था। पुलिस ने ट्रक जिस ओर से आ रहा था उस ओर की सीसीटीवी फुटेज देखे और पता चला कि ट्रक प्रिंटिंग प्रेस में सामान खाली करने आया था और सामान खाली करने के बाद इंदौर लौट रहा था। ट्रक के नंबर के आधार पर पुलिस ने मालिक से संपर्क कर लिया है। जल्द ही पुलिस की टीम ट्रक की जब्ती की कार्रवाई करते हुए आरोपी ड्राइवर की गिरफ्तारी करेगी। उल्लेखनीय है कि अमजद खान ( 19) देवगढ़ झारखंड का रहने वाला था और फिलहाल निजामुद्दीन कॉलोनी, पिपलानी में रहता था। अमजद औद्योगिक क्षेत्र अशोका गार्डन में एक फैक्ट्री में काम कर रहा था। उसके साथ हसनुद्दीन खान (26) निवासी देवबढ़, झारखंड भी काम करता था। दोनों शुक्रवार रात काम कर लौट रहे थे। उनकी बाइक में पेट्रोल खत्म हो गया था और वह बाइक धकेलते हुए औद्योगिक क्षेत्र से मुख्य सड़क की तरफ जा रहे थे। उनके साथ परवेज और हसन अंसारी भी थे। चारों लोग रात करीब साढ़े 11 बजे के आसपास रूची कलारी के पास पहुंचे ही थे कि पीछे से आ रहे अज्ञात ट्रक ने उन्हें कुचल दिया। इस हादसे में अमजद खान और हसनुद्दीन की मौके पर ही मौत हो गई थी। इधर गंभीर रूप घायल परवेज और हसन को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया गया था। वहां इलाज के दौरान आज शनिवार सुबह हसन अंसारी ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परवेज की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनों पैरों में फैक्चर होने के कारण शनिवार को उसका डॉक्टर ने ऑपरेशन हो चुका है।

# शराब तस्कर से 144 ली. शराब व मोबाइल जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

हनुमानगंज पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखी 144 लीटर शराब और चोरी का मोबाइल बरामद किया है। जब्त हुए सामान की कुल कीमत करीब 50 हजार रुपए है। पुलिस के मुताबिक इलाका भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि अल्पना टाकीज के पीछे मैदान में खड़े एक युवक के पास अवैध शराब रखी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम संजय नायक निवासी सोहागपुर जिला नर्मदापुरम बताया है। उसके पास मौजूद पैकेट्स खोलकर देखने पर 54 लीटर देशी व 90 लीटर कच्ची शराब रखी मिली, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया। आरोपी के पास से एक मोबाइल बरामद हुआ, जिसे उसने एक दिन पहले ही नादरा बस स्टैंड से चोरी किया था।

# दो हजार के लेन-देन पर साथी पर किया कटर से जानलेवा हमला

**भोपाल,दोपहर मेट्रो।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बरखेड़ी फाटक के पास कलारी के सामने रविवार सुबह दो हजार रुपए के लेन-देन को लेकर हुए विवाद के चलते एक युवक ने साथ काम करने वाले युवक पर कांच काटने के कटर से कातिलाना हमला कर दिया। घायल युवक के सीने, गर्दन व कनपटी पर गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस के मुताबिक बाबू मस्तान वाली गली, बाग उमराव दूल्हा निवासी अल्ताफ मंसूरी कांच का काम करता है। वह पत्नी रिया मंसूरी के साथ यहां किराए के मकान में रहता है। अल्ताफ को साथ काम करने वाले अफसर से करीब दो हजार रुपए लेना हैं। इसी बात को लेकर माली मार्केट के पास दोनों के बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर अफसर ने अपने पास रखे कटर से अल्ताफ पर हमला कर दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। एसआई प्रदीप मिश्रा ने बताया कि झगड़े के बाद लहूलुहान हालत में अल्ताफ मंसूरी अपने घर गया था और पत्नी रिया को सारी बात बताई। पत्नी की शिकायत पर ही पुलिस ने हत्या का प्रयास का प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# रंजिश के कारण आरोपियों ने लगाई थी टवेरा गाड़ी में आग, दो लोग गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

टीटी नगर पुलिस ने ट्रैवल्स संचालक की टवेरा गाड़ी में आग लगाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। रंजिश के कारण आरोपी ने अपने आरापी के साथ मिलकर टवेरा गाड़ी में आग लगाई थी। पुलिस के अनुसार जवाहर चौक स्थित बारह दफ्तर के पीछे बाणगंगा में रहने वाले अमेंद्र प्रजापति ट्रैवल्स का काम करते हैं। उनकी टवेरा कार और स्विफ्ट डिजायर कार, बारह दफ्तर के पास रात के समय खड़ी की जाती हैं। बीती 2 नवंबर की रात दोनों गाड़ियों के पास एक अन्य व्यक्ति की मैजिक वाहन भी खड़ा हुआ था। रात करीब डेड़ बजे अज्ञात लोगों ने उनकी गाड़ियों में आग लगा दी, जिससे टवेरा गाड़ी पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। इस दौरान स्विफ्ट डिजायर और पास खड़ी मैजिक की आग की चपेट में आकर झुलस गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों की लाश में एक विशेष टीम लगाई गई थी। इस दौरान पता चला कि जिन लड़कों ने घटना को अंजाम दिया था, उनका चेहरा भी झुलस गया था। संदेह के आधार पर पुलिस ने मोहल्ले में रहने वाले अमित चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपने साथी गोविंद खटीक के साथ मिल कर आग लगाने की बात स्वीकारी। आरोपियों ने बताया पुरानी रंजिश के चलते उन्होंने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

**मेट्रो एंकर** | **ईंटखेड़ी पुलिस ने इस्लाम नगर में की कार्रवाई**

# कार्रवाई : जुए की फड़ पर छापा, ग्यारह जुआरियों से 27 हजार की नगदी जब्त

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी पुलिस ने इस्लाम नगर में जुए की फड़ पर छापा मार कार्रवाई करते हुए 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से 27 हजा रुपए की नगदी समेत ताश की गड्डी बरामद की। इसके अलावा पुलिस ने बाइक और उनके मोबाइल भी जब्त किए है।


फाइल फोटो

जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार शनिवार शाम करीब साढ़े छह बजे सूचना मिली कि इस्लाम नगर में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद इलाके की घेराबंदी कर 11 जुआरियों को पकड़ लिया गया। जुआरियों के पास से 27 हजार पचास रुपए नकद, ताश पत्ते, 9 कीमती मोबाइल फोन और 4 दोपहिया वाहन समेत करीब 4 लाख का माल जब्त हुआ। पकड़े गए जुआरियों के नाम वसीम खां, राशिद खान, आमिर खां, अकील मंसूरी, रफीक कुरैशी, समी खान, अरबाज खान, मोहम्मद फैजान, हुजेफ कुरैशी, अबरार खान और रशीद खान हैं।

## 20 हजार के गांजे के साथ पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया

खजूरी सड़क पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास अवैध रूप से रखा 20 हजार रुपए कीमत का गांजा जब्त किया है। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार रात सूचना मिली कि ग्राम जमुनिया छीर के पास एक युवक मौजूद है, जिसके पास अवैध मादक पदार्थ हो सकता है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संदेही युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम बहादुर मईड़ा ( 21 ) निवासी थाना रावती जिला रतलाम हाल निवासी बैरागढ़ कला गैस एजेंसी के पास झुग्गीबस्ती बताया। उसक पास मौजूद थैले की तलाशी लेने पर 2 किलो 100 ग्रांजा रखा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया।






स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुर भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022